INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-111 | सांध्य दैनिक | मथुरा, बुधवार, 17 जून 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## माँ पापा
## शत्-शत् नमन





**पूज्य स्व. श्री राजनलाल गौतम**
से.नि.राज्य विजिलेंस ऑफिसर उ.प्र.
स्वर्गवास 16 अक्टूबर 2008

**पूज्यनीय स्व. श्रीमती शान्ती देवी**
कुनबा एवं समाजसेवी
स्वर्गवास 18 जून 2021

**जीवन से मिली प्रेरणा**

आपके जीवन से मिली प्रेरणा के फलस्वरूप हम आज तटस्थ है, जीवन में माँ पापा आप साक्षात ईश्वर स्वरुप थे,है,और रहेगें,आपने जीवन जीना सिखाया, चलना सिखाया, सबके साथ संघर्ष में खड़ा रहने की ताकत दी। आपकी ममता से बढकर दुनिया में कभी भी कोई दौलत अपनी जगह नही बना पायी। पापा आपके आशीर्वाद से नई राहें मिलती गई और आशा के अनुरूप हम कार्य करते रहें है, माँ आपकी दुआओं से हर मुश्किल आसान होती गई। आज आप दोनों हमारे बीच नही है,आपका प्यार, आशीर्वाद और दिये गए संस्कारों से हम हर कदम पर अपने आप को संभालते है और मार्ग प्रशस्त करते है। माँ पापा आप जहाँ भी हो हम परिवारीजन आपके चरणों में शत् शत् नमन करते है।

राजकुमार गौतम (वरिष्ठ अधिवक्ता)
(पुत्र)
पवन गौतम (संपादक)–नीलम
(पुत्र–पुत्रवधू)

इं.मयंक गौतम–टीना
(पौत्र–पौत्रवधू)
मनन गौतम
(पौत्र)

आवास– 6, शंकर विहार, कृष्णा नगर, मथुरा–98371–55888
पैत्रक गाँव– नगला कली (सादाबाद) हाथरस

UNICOM ADVERTISING Since-1995 | यूनिक समय हर खबर समय पर ... | Unicom Digital | NM advertiser
मथुरा । नई दिल्ली । नोएडा । लखनऊ । आगरा । देहरादून

INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-111 | सांध्य दैनिक | मथुरा, बुधवार, 17 जून 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


# ठेकेदार की करतूत से पानी में डूबे किसानों के सपने



गांव झंडीपुर में माइनर में आए पानी के उफान को रोकने के लिए जुटा किसान।

## काम शुरू किया नहीं बीच से माइनर कर दिया था बंद

## उफान लेकर किसानों के खेतों में घुसा पानी

## पानी भरने से बाजरा कपास आदि फसल नष्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** सिंचाई विभाग के ठेकेदार की करतूत से एक दर्जन से अधिक किसानों के सपने पानी में डूब गए। माइनर की पुलिया बनाने को ठेकेदार ने काम तो शुरू नहीं किया, लेकिन माइनर को बंद करा दिया, जिसकी वजह से रात को पानी उफान लेकर खेतों में घुस गया और फसल डुबो दी। सुबह खेतों की ओर गए किसान कपास, बाजरा और ज्वार की फसल को पानी में डूबी देखकर परेशान हो गए।

मामला फरह ब्लाक के गांव झड़ीपुर से जुड़ा है। गांव के किसानों ने बताया कि सिंचाई विभाग की ओर से ठेकेदार को गांव से निकल रहे माइनर पर पुलिया बनाने का ठेका दिया गया है। छोटी कोसी से बरारी होकर गांव झंडीपुर से निकला यह माइनर गांव गढ़ाया से यमुना में प्रवाहित हो जाता है। किसानों ने बताया कि ठेकेदार ने पुलिया बनाने का काम शुरू नहीं किया, लेकिन उसने मंगलवार शाम करीब चार बजे माइनर को बीच रास्ते में जेसीबी की मदद से मिट्टी डलवा कर रोक दिया। पानी का बहाव रुकवाने के बाद ठेकेदार चला गया। रात को माइनर का पानी उफान लेकर किसानों के खेतों में घुस गया, जिससे खेतों में खड़ी बाजरा, ज्वार मूंग और कपास की फसल डूब गई। गांव के किसान हरिओम चौधरी ने बताया कि ठेकेदार ने काम शुरू करने से पहले माइनर को बंद नहीं कराया, जिसमें पानी चलता रहा। जेसीबी की मदद से ठेकेदार ने मिट्टी डलवा कर माइनर के पानी का बहाव आगे के लिए तो रुकवा दिया, लेकिन पीछे पानी भरने से माइनर रात में उफान ले गया, जिससे पानी खेतों में घुस गया।

### इन किसानों का हुआ नुकसान

ठेकेदार के कारनामे की वजह से गांव झंडीपुर के पुष्पेंद्र सिंह, मनिंदर सिंह, राम मूर्ति, जितेंद्र, रोहतास, क्षेत्रपाल, मानसिंह, साहब सिंह और जितेंद्र के अलावा कई किसानों की फसल पानी में डूब गई। किसानों का कहना है कि पानी भरा होने की वजह से फसल नष्ट हो जाएगी और उनको नुकसान होगा। पीड़ित किसानों ने बताया कि यह होने के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने माइनर बंद नहीं कराया। उन्होंने खुद पीछे से माइनर को काटकर पानी को इधर–उधर निकाला, तब पानी का उफान काम हो सका। किसानों ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# डीएम की गंभीरता, सर्जरी से बचे चिकित्सक

## अल्ट्रासाउंड के रिन्यूअल में नहीं चल सका खेल

## शिकायत आने पर डीएम ने कसे संबंधितों के तार

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएम संवेदनशील हुए तो कई चिकित्सकों की सर्जरी होने से बच गई। अल्ट्रासाउंड केंद्रों की मान्यता ओर रिन्यूअल से जुड़ी फाइलों में खेल होने से बच गया। डीएम के कड़े संदेश से अल्ट्रासाउंड केंद्रों से जुड़ी पत्रावलियां बिना लाग–लपेट के निस्तारित हो गई। चिकित्सा जगत में डीएम के तेवर और छवि को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

जिले में करीब 150 अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं, यह अस्पताल और नर्सिंग होम के बाहर या अंदर ही संचालित होते हैं। इन अल्ट्रासाउंड केंद्रों का स्वास्थ्य विभाग में रजिस्ट्रेशन भी होता है। हर साल इन अल्ट्रासाउंड केंद्रों को संचालन के लिए कराए गए रजिस्ट्रेशन को रिन्यूअल भी कराना पड़ता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की जिलास्तरीय समिति नए रजिस्ट्रेशन देने और पुराने रजिस्ट्रेशन को रिन्यूअल करने को मान्यता देने का काम करती है।

बीते दिनों जिले के करीब एक दर्जन चिकित्सकों ने अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए नए आवेदन और पुराने को रिन्यअल कराने को पत्रावलियां लगाई। पत्रावलियों के लाइन में लगने के बाद स्वास्थ्य विभाग का कथित कॉकस सक्रिय हुआ। चिकित्सकों से अल्ट्रासाउंड मशीन की मान्यता को रिन्यूअल कराने के काम पर मोटी चढ़ौती मांगने का काम होने लगा। इस काम को कराने के लिए ढाई लाख रुपये में ठेका लेने की बात की जाने लगी।

ऐसी मांग सामने आने के बाद बीते दिनों करीब एक दर्जन चिकित्सक पूर्व विधायक कारिंदा सिंह के साथ डीएम चंद्रप्रकाश सिंह से मिले और अल्ट्रासाउंड मशीन के रिन्यूअल के नाम पर किए जा रहे खेल की जानकारी दी। ऐसे कारनामे सुनकर डीएम का माथा ठनका। आपेक्ष लगने के बाद उन्होंने प्रशासन के एक अधिकारी को लाइन पर लिया और ऐसे आरोपों से बचकर काम करने को कहा।

अल्ट्रासाउंड मशीन से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि डीएम के ऐसे फोन से पूरा मामला पलट गया। रिन्यूअल के नाम पर रकम मांगने वालों के होंठ सिल गए और पांच जून को करीब 10 अल्ट्रासाउंड मशीन का बिना लाग–लपेट के रिन्यूअल भी मिल गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अल्ट्रासाउंड रिन्यूअल के नाम पर खेल की बात से इन्कार कर रहे हैं। इन जिम्मेदारों का कहना है कि 14 बिंदुओं के पूरा होने पर ही अल्ट्रासाउंड मशीन का रिन्यूवल किया जाता है।

# बिहारी जी मंदिर के पास बंदर ने गिराया उपकरण, श्रद्धालु घायल

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र में अब मकानों के जर्जर छज्जों के गिरने से श्रद्धालुओं के घायल होने के बाद आज सुबह बंदरों की वजह से एके हादसा हो गया। अब मंदिर क्षेत्र में विद्युत खंभों के ढीले पड़े उपकरण भी श्रद्धालुओं के लिए खतरा बन रहे हैं। आज सुबह एक ऐसी घटना हो गई तो हर कोई अवाक रह गया। सिर पर चोट लगने के कारण श्रद्धालु जख्मी हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आज सुबह मंदिर के गेट नंबर तीन पर दर्शन करने वाले श्रद्धालु लाइन लगाए खड़े थे। यकायक एक विद्युत खंभे पर बंदर चढ़ा दिखाई दे रहा था। बंदर ने खंभे को ऐसा हिलाया कि उस पर लगा एक उपकरण धड़ाम से एक श्रद्धालु के सिर पर आ लगा। उसके सिर से खून बहता देखकर आसपास खड़े लोग स्तब्ध रह गए।लोगों का कहना था कि अब तक तो मकानों के जर्जर छज्जों का खतरा बना हुआ था। पिछले दिनों हुए हादसे के बाद नगर निगम की ओर से गिरासू छज्जों के मालिकों को नोटिस थमा दिए।

## सीबीएसई की नई भाषा नीति से बढ़ी उलझन

# 25 से 30 हजार छात्र होंगे प्रभावित



## तीसरी भाषा को लेकर असमंजस

## किताबें और शिक्षक अब चुनौती

## सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा मामला

**यूनिक समय, मथुरा।** सीबीएसई स्कूलों में नई भाषा नीति को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक जुलाई से नए सत्र की शुरुआत होनी है, लेकिन कक्षा नौ में अनिवार्य की गई तीसरी भाषा को कैसे पढ़ाया जाएगा, इस पर अब तक स्पष्टता नहीं है। शहर के सीबीएसई स्कूलों में फ्रेंच और जर्मन जैसी विदेशी भाषाएं पढ़ने वाले छात्र इस बदलाव से प्रभावित होंगे।

सीबीएसई के नए नियम के अनुसार, तीन भाषाओं में कम से कम दो भारतीय भाषाएं होना जरूरी है। ऐसे में कक्षा 6 से 8 तक फ्रेंच या जर्मन पढ़ चुके विद्यार्थियों को अब हिंदी, संस्कृत या अन्य भारतीय भाषा अपनानी पड़ सकती है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि कक्षा नौ पहले से ही महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण होती है, ऐसे में अचानक नई भाषा जोड़ना छात्रों पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। समस्या केवल भाषा परिवर्तन तक सीमित नहीं है। नई व्यवस्था के लिए उपयुक्त पाठ्यपुस्तकें भी उपलब्ध नहीं हैं। सीबीएसई ने फिलहाल निचली कक्षाओं की पुस्तकों से पढ़ाने का सुझाव दिया है, जिसे स्कूल अव्यावहारिक मान रहे हैं। वहीं विदेशी भाषा पढ़ाने वाले शिक्षकों के भविष्य पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। अभिभावकों और शिक्षकों की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने केंद्र सरकार, सीबीएसई और एनसीईआरटी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई जुलाई में प्रस्तावित है।


GLA UNIVERSITY
Recognised by UGC Under Section 2(f) & 12B Status
Accredited with A+ Grade by NAAC
Mathura | Greater Noida
28 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE
ADMISSIONS OPEN 2026-27
North India's 1st Google Agentic AI University
Powered by Gemini Enterprise Edu for Campus | Google Cloud Digital Campus-GCDC 4.0
INDUSTRY LEARNING PARTNERS
Microsoft GenAI Campus
Capgemini Code Experience Centre
intel. Unnati Centre of Excellence in AI and Analytics
wipro Centre of Excellence in ServiceNow
Tech Mahindra Centre of Excellence in Cloud Technology
NEC Centre of Excellence in High Performance Computing
aws academy Member Institution
IBM
MBA-Logistics & Supply Chain Management
ISDC BBA-DABI & MBA-Business Analytics Programs
IOA BBA-DABI & MBA-Business Analytics Programs
NSE INDIA MBA-Financial Markets & Banking Program
Grant Thornton Digital Marketing
cesim Business Simulations & Capstone Projects
THE HINDU
Business Standard
Mathura Campus: 17km Stone, NH-44, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Gr. Noida Campus: 15 A, Knowledge Park - II, Greater Noida - 201310 (U.P.) INDIA
EMPOWER YOUR GROWTH WITH GLA ONLINE | Find details at: online.gla.ac.in
+91-9027068068 Visit us: www.gla.ac.in

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने में महिलाएं भी आगे




यातायात नियमों को दरकिनार करके बिना हेलमेट वाहन चलाते लोग और पुलिसकर्मी, इस दौरान तीन सवारियां भी दिखीं।

## सड़कों पर कर रही है ट्रिपिल राइडिंग

## बिना हेलमेट चलाए जा रहे हैं वाहन

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर में वाहन चलाने के दौरान ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने में महिलाएं भी पीछे नहीं है। ऐसी महिलाएं सड़क पर बिना हेलमेट, बिना रोक टोक तीन सवारी बैठाकर वाहन दौड़ाते नजर आ जाएगी।

जनपद में सड़क पर वाहन चलाने के दौरान युवक ही ट्रैफिक नियमों की अनदेखी नहीं कर रही है, बल्कि ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन करने में युवती और महिलाएं भी पीछे नहीं है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस सड़क पर बिना हैलमेट और सीट बैल्ट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसके बाद भी हर चौराहे और तिराहे से बिना हैलमेट लगाए और दुपहिया वाहनों पर ट्रिपिल राइडिंग करने वाले दिख रहे हैं। इसके बावजूद भी ट्रैफिक नियमों का पालन दुपहिया वाहन चलाने वाले करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। पुलिस के सामने से इस तरह के वाहन खुले आम सड़क से गुजरते देखे जा सकते है। ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन महिला और युवतियों द्वारा भी खूब किया जा रहा है। चौराहों और तिराहों पर लगी पुलिस इस तरह के लोगों के वाहनों को रोक कर चालान करने की बजाए पुराने वाहन जैसे (मोटरसाइकिल) और इस तरह के दूसरे वाहनों को देखते ही उन पर तेजी के साथ झपट पड़ते हैं। वाहन के पुराना होने पर सीज करने की धमकी देते हैं। दरोगा जी वाहन चलाने वालों को हड़काते हैं। काफी मिन्नतों और दूसरे तरीके से वाहन चलाने वाला अपने वाहन को पुलिस से मुक्त करा पाता है। इसकी वजह से शहर की सड़कों पर बिना हेलमेट बाइक चलाना अब आम बन चुका है।




बिना हेलमेट के स्कूटी सवार महिलाएं।

## व्यापारी और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट, कुर्ता फटा

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर जाने वाले रास्ते पर आज सुबह एक व्यापारी और श्रद्धालु परिवार के बीच किसी बात को लेकर तकरार हो गई। तकरार इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई और गाली गलौज होने लगी। श्रद्धालु की खींचतान के बीच व्यापारी का कुर्ता फट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूर्वाह्न के समय बाजार में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही थी। यकायक शोर शराबा होने लगा। वायरल वीडियो को देखने से पता चल रहा है कि एक व्यापारी और श्रद्धालु परिवार के बीच किसी बात को लेकर वाक युद्ध चल रहा है। इस युद्ध हाथापाई और खींचतान तक बढ़ गया। एक श्रद्धालु ने व्यापारी का कुर्ता खींच लिया, जिससे कुर्ता फट गया। एक युवती ने भी खरी-खोटी सुनाई। इस दरम्यान कुछ लोगों ने मामले को बढ़ता देखकर शांत कराया, फिर कहीं जाकर श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर की ओर बढ़ सका।




# नाविकों और गोताखोरों ने सीखे जीवन रक्षक गुर



नाविकों के प्रशिक्षण में मौजूद डीएम सीपी सिंह, एडीएम वित्त पंकज कुमार वर्मा।

## जल आपदाओं से निपटने के लिए बढ़ाई गई तैयारी: डीएम

## एनडीआरएफ ने सिखाए बचाव के गुर

## घाटों पर हुआ व्यावहारिक अभ्यास

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुना नदी में बढ़ती आवाजाही और संभावित जल आपदाओं को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 8 वीं वाहिनी, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में सिविल नाविकों और गोताखोरों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

शुभारंभ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष- डीएम जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने किया।

कमांडेंट 8 वीं वाहिनी एनडीआरएफ के निर्देशन में विशेषज्ञ टीम ने प्रतिभागियों को सुरक्षित नाव संचालन, जल आपदाओं में खोज-बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू), प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन की मूलभूत अवधारणाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित- प्रभावी प्रतिक्रिया संबंधी प्रशिक्षण दिया। सैद्धांतिक प्रशिक्षण डैम्पियर नगर स्थित पांचजन्य प्रेक्षागृह में, व्यावहारिक प्रशिक्षण वृंदावन के केशीघाट और मथुरा के विश्रामघाट–बंगालीघाट पर आयोजित किया गया। इस दौरान लाइफ जैकेट, लाइफ ब्वॉय एवं अन्य बचाव उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया।

डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि यमुना तटवर्ती क्षेत्र होने के कारण जिले जलजनित आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। ऐसे में प्रशिक्षित नाविक और गोताखोर किसी भी आपदा के दौरान राहत- बचाव कार्यों की मजबूत कड़ी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि खराब मौसम में नाव का संचालन न किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचा जाए। कार्यक्रम में एडीएम वित्त- राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एडीएम नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्य, डिप्टी कलेक्टर चंद्र भूषण प्रताप, प्राजक्ता त्रिपाठी, जिला आपदा विशेषज्ञ पूजा राणा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।




### तापमान / मौसम

37 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

28 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना-चांदी भाव

**सोना**
24 कैरेट 1,51,250
22 कैरेट 1,38,645
(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**
2,65,000 प्रति किलो

### हंसता आईना




**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालय:**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
**फोन नंबर-0565-2420150,**
**मो. 9837155888**
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# अधिक मास में नकली नोट चलाने आया युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने अधिक मास मेले में नकली नोट खपाने आये एक शातिर अभियुक्त को नकली नोटो के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से 2500 रुपये के नकली नोट और 5610 रुपये असली नकदी भी बरामद हुई है।

थाना गोवर्धन पुलिस टीम कल सायं करीब चार बजे शांति व्यवस्था- संदिग्ध व्यक्ति- वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक सूचना मिली की बिछुआ कुंड के पास नए टिर्री परिक्रमा मार्ग पर एक अभियुक्त है, जो नकली नोटों को असली के रूप में चला रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने वहां पहुंचकर सौरभ सिंह निवासी ग्राम नंगला हीरा, थाना इगलास, जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पांच सौ- पांच सौ रुपये के पांच नकली नोट बरामद हुए। पुलिस को उसके पास से 5610 रुपये के असली नोट भी बरामद हुए। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।


पुलिस गिरफ्त में नकली नोट चलाने वाला अभियुक्त।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसने योगेश से 2500 रुपये के असली नोटो के बदले 5000 नकली नोट लिए थे।

अभियुक्त का कहना है कि योगेश नकली नोटो का धंधा करता है। योगेश ने यह नोट अजीत पुत्र बनी सिंह निवासी गांव भरतपुर थाना इगलास जिला अलीगढ के घर से लिए थे। योगेश ने अजीत से असली 10000 रुपये के बदले में 20000 रुपये के नकली नोट लिए थे, उनमें से 5000 रुपये (500, 500 के 10 नोट) योगेश ने मुझे दिये थे। उसने यह भी बताया कि अजीत को उसका साला मुकेश पुत्र नामालूम निवासी गांव कोंडरा थाना हरदुआगंज जिला अलीगढ नकली नोट लाकर देता है।

**आरोपित से 2500 के नकली नोट बरामद**

**2500 रुपयों को वह गोवर्धन में चला चुका था**

**अलीगढ़ से खरीद कर लाता था नकली नोट**

**नकली नोट से जुड़े अन्य की पुलिस को तलाश**

एक बार मैं भी अजीत के साथ गांव कोंडरा में मुकेश से नकली नोट लेने के लिए गया था। नकली नोटो में से वह 500 रुपये के पांच नोटों को ठेल-ढकेल वालों को चला चुका है। अधिकमास के मेले का फायदा उठाकर ये नकली नोट चलाने के लिए गोवर्धन आया था। इस मामले में शामिल अन्य अपराधियों की पुलिस गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।






# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र स्थित महाराज सिंह कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारण की जानकारी नहीं हो सकी है। बताया गया कि रतन सिंह(40) पुत्र बाबूलाल ने बीती रात घर के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या करली।

परिवारजनों ने जब रतन सिंह की फांसी के फंदे पर झूलता देखा तो घर में हड़कंप मच गया।

परिवार के लोगों के शोर करने पर आस–पास के लोग भी अपने घरों से बाहर निकल आए। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों का कहना है कि रतन सिंह ने फांसी किस कारण लगाई, इसके बारे में किसी को कुछ पता नहीं है।

# महावन में उप निबंधक कार्यालय के समीप अज्ञात शव मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र स्थित उप निबंधक कार्यालय के बाहर अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा मिला। पुलिस शव की शिनाख्त कराने में जुटी है।

माहवन के उप निबंधक कार्यालय के समीप एक अज्ञात वृद्ध काफी देर तक पड़ा था। वृद्ध को ऐसी हालत में पड़ा देख लोगों को कुछ आशंका हुई। लोगों ने उसके पास पहुंचकर देखा। पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस ने शव की पहचान के लिए तलाशी की ,लेकिन उसके पास से कोई भी ऐसी वस्तु नहीं मिली, जिससे उसकी शिनाख्त हो पाती। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

## पुलिस ने किया मोबाइल चोर गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** बल्देव पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल भी मिला है। बल्देव पुलिस टीम ने आज मोबाइल चोरी के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त अभियुक्त गौरव ठेनुआ निवासी नगला हरी पोस्ट अनौडा थाना राया को हनुमान तिराहा से राया रोड की तरफ से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी हुआ मोबाइल फोन मोटोरोला बरामद किया है।

# रास्ता रोक कर मारपीट और फायरिंग में एक घायल

**यूनिक समय, सुरीर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भिदोनी पंचायत के गांव नगला नहारिया में रास्ता रोककर मारपीट और जान से मारने की नीयत से की गई फायरिंग में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक अभियुक्त को पकड़ लिया है।

पुलिस के अनुसार, गांव नगला नहारिया निवासी विजय सिंह ने थाना में तहरीर दी कि 16 जून की सुबह करीब साढ़े सात बजे उनके छोटे भाई पवन को गांव के गिर्राज, केशव, विपिन और पीतम ने जाते समय रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने उसके साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की, जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चला दी। फायरिंग में गोली पवन की दाहिनी जांघ में लग गई। गोली लगने से घायल होकर पवन जमीन पर गिर गया। घटना करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने इस

**पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**एक हमलावर तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार**

**शांति भंग में तीन महिलाओं का भी किया गया चालान**

मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद विवेचना उपनिरीक्षक अमित कुमार तोमर को सौंपी है। पुलिस ने दबिश देकर गिर्राज को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस प्रकरण में पुलिस ने तीन महिलाओं के विरुद्ध भी शांति भंग की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# लूट के मामले में वांछित तीसरा अभियुक्त भी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मांट।** मांट पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान कल जावरा अंडरपास के पास से लूट में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 26 अप्रैल को हुई लूट के मामले में एक व्यक्ति ने एक मई को तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच के दौरान अभियुक्त लव निवासी गांव जावरा थाना मांट का नाम प्रकाश में आया, जिसने मोटरसाइकिल से अपने दो अन्य साथियों के साथ लूट की थी।

**पुलिस दो साथियों को पहले ही भेज चुकी है जेल**

पुलिस ने लव को जावरा अंडर पास के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, उसके दोनों साथियों नेत्रपाल निवासी जाबरा थाना मांट मथुरा और जय रावत उर्फ वीर निवासी थना राया मथुरा को पुलिस ने 19 मई को नसीटी और जाबरा अंडर पास के बीच सर्विस रोड से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# हॉस्पिटल में मरे युवक का पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**यूनिक समय, मथुरा।** परिवार की पूरी संपत्ति बेचकर अधिक शराब का सेवन करने वाले एक युवक की हॉस्पिटल में मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर चाचा ने शव का अंतिम संस्कार किया।

थाना कोसीकलां के गांव बठैन निवासी भीम सिंह ने बताया कि उसके भतीजे वंशी पुत्र जगराम(40) बीमारी के कारण हॉस्पिटल में कब भर्ती हुआ, उसके बारे में उसे कुछ पता नही था। उसकी मौत होने पर जैंत पुलिस ने इस बारे में उसे सूचना दी। पुलिस से उसने शव बिना पोस्टमार्टम कराए ले जाने को कहा, लेकिन पुलिस ने वंशी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

भीम सिंह ने बताया कि वंशी के माता-पिता की काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद उसने किसी बंगाली समाज की महिला से शादी कर ली और उसे छोड़ दिया। वंशी को शराब पीने की बुरी लत थी। उसने अपने हिस्से की आठ बीघा जमीन को गांव में उनके विपक्षियों को बेच दिया था। जब पुलिस ने उसकी मौत की सूचना दी तो वह चाचा होने पर शव को अंतिम संस्कार के लिए लेने को पोस्टमार्टम गृह पर आ गए।

**परिवार में किसी के न होने पर चाचा ने किया अंतिम संस्कार**

**शराब की लत में बेच दिया घर और आठ बीघा जमीन**




# गरीब बेटियों को शादी में नहीं मिलेंगे सरकारी पायल और बिछिया

**यूनिक समय, मथुरा।** सोने– चांदी पर छाया महंगाई का असर अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर दिखने लगा है। अब सरकार गरीब बेटियों के हाथ तो पीले कराएगी, लेकिन इन बेटियों को सरकारी बिछिया और पायल दहेज में नहीं देगी। अखंड सौभाग्य का प्रतीक बिछिया और पायल को अब वधू की उपहार सूची से हटा दिया गया है। सामूहिक विवाह में अब इन दोनों उपहारों की वजाय वधू को चार हजार रुपये दिए जाएंगे।

योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा गरीब– पात्र प्रति युगल की शादी में एक लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें से 60 हजार रुपये की राशि दुल्हन के खाते में भेजी जाती है, जबकि 25 हजार रुपये के पायल, बिछिया सहित अन्य उपहार दिए जाते



हैं। 15 हजार रुपये की राशि दावत और शादी के अन्य आयोजन पर खर्च की जाती है।

अब तक दुल्हन को दिए जाने वाले उपहार में 65 टंच की 30 ग्राम की पायल और 10 ग्राम के बिछिया की खरीद समाज कल्याण विभाग द्वारा ही की जाती थी।

पिछले कुछ समय में चांदी की कीमतों में उछाल आया है और उतार– चढ़ाव बना हुआ है। वर्तमान में चांदी

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की उपहार की सूची से हटाए

### अखंड सौभाग्य के प्रतीक के बदले खाते में दिए जाएंगे चार हजार रुपये

की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये प्रति किलो चल रही है।

इस हिसाब से विभाग अगर सीधे पायल और बिछिया की खरीद करता है तो उसे निर्धारित चार हजार रुपये से अधिक राशि खर्च करनी पड़ेगी। ऐसे में विभाग ने खुद इन आभूषणों की खरीद न करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत अब पायल, बिछिया के बदले चार हजार रुपये की राशि को जोड़कर दुल्हन के खाते में 64 हजार रुपये की राशि भेजी जाएगी। वहीं उपहार सामग्री पर 21 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। यह राशि सीधे उनके वधू के खाते में भेजी जाएगी।

नवागत जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू ने बताया कि नए वित्तीय सत्र में जिले के लिए 930 सामूहिक विवाह का लक्ष्य मिला है। प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बड़ा बदलाव किया गया है। बैग के अलावा चांदी की पायल और बिछिया दी जाती थी।

चांदी की बढ़ती कीमतों के कारण पायल और बिछिया को उपहार सूची से हटा दिया गया है। वधू के खाते में अब 60 की जगह 64 हजार रुपये भेजे जाएंगे।

## आपकी आवाज बनेगा हमारा अभियान

जनहित से जुड़े मुद्दों को उजागर करने और आम जनता की समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने के लिए हम आपके सहयोग की अपेक्षा करते हैं। यदि आपके क्षेत्र में किसी भी विभाग से संबंधित कोई समस्या, अव्यवस्था, लापरवाही, भ्रष्टाचार, गंदगी, टूटी सड़क, जलभराव, बिजली–पानी की समस्या अथवा अन्य कोई जनहित का मामला है, तो उसकी जानकारी हमें भेजें। समस्या से संबंधित स्पष्ट फोटो या वीडियो के साथ संक्षिप्त विवरण उपलब्ध कराएं। आपकी ओर से प्राप्त जानकारी को प्रमुखता से प्रकाशित कर संबंधित अधिकारियों एवं विभागों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि समस्या के समाधान में मदद मिल सके।

**आपकी जागरूकता, समाज के विकास की ताकत है।**

**–संपादक**

टेलीफोन : 0565–3550761 मोबाइल : 8394983366

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

# लाभार्थियों को मिला सम्मान

### मंत्री लक्ष्मी नारायण ने लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र, टूलकिट

**यूनिक समय, मथुरा।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष होने पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने किया। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र- प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचेगी।

उद्घाटन के बाद मंत्री ने विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, आवास की चाबियां, टूलकिट और चेक वितरित किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया



प्रदर्शनी मे सजी स्टाल पर उत्पाद को देखते मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण,जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, सीडीओ डा.पूजा गुप्ता आदि।

गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई, जबकि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण चेक- टूलकिट बांटे गए।

महापौर विनोद अग्रवाल ने सूचना विभाग की दो एलईडी प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, डीडीओ गरिमा खरे, पीडी अरुण कुमार उपाध्याय, उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र, बीएसए रतन कीर्ति, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, डीपीओ बुद्धि मिश्रा, यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी एसके वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में गूंजा विकास मंत्र

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में गोवर्धन पैलेस में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन हुआ। केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा की गई। शुभारंभ कवयित्री डॉ. रितु गोस्वामी के काव्य पाठ से हुआ। कवि डॉ. रमाशंकर पांडेय और डॉ. अनिल गहलोत ने कविताओं के माध्यम से प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को बताया। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम वर्ष रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक चंदन सिंह ने 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के विषय पर विचार रखे। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने स्वागत किया। इस अवसर पर अनिल चौधरी, सुरेश तरकर, अनिल तरकर, रणवीर सिंह, सत्यपाल चौधरी, आकाश चौधरी, भगत सिंह, अजय भानु, प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, पारस ठाकुर सहित मौजूद रहे।

# गांव अड़ीग में चक परिवर्तन की प्रक्रिया रोकने की गुहार



डीएम को ज्ञापन देने जाते गांव अड़ीग के किसान।

### किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, जमीन कम होने की बताई बात

### धारा 52 के प्रकाशन होने के बाद खसरा की आड़ में चक परिवर्तन का खेल

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार को गोवर्धन तहसील के गांव अड़ीग के दर्जनों किसान डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। ज्ञापन देकर बताया कि गांव में 17 साल पहले धारा 52 के प्रकाशन के बाद अब खसरा की आड़ में चक परिवर्तन का खेल खेला जा रहा है। गरीब किसानों के भूमिहीन होने और उनकी भूमि छिन जाने से बचाने के लिए चक परिवर्तन की प्रक्रिया को रोका जाना चाहिए।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सन 1986 में चकबंदी प्रक्रिया शुरू हुई थी, जबकि 2009 में धारा 52 का प्रकाशन होने के बाद चकबंदी प्रक्रिया समाप्त हो गई। तत्कालीन डीएम की रिपोर्ट के बिना चकबंदी संचालक ने चकबंदी समाप्त होने का गजट भी कर दिया। इसके बाद से तहसील गोवर्धन के स्टाफ ने सैकड़ों बार नाप- जोख की, लेकिन कुछ मामलों में वह चकबंदी ना होने का हवाला देते हुए समस्या पैदा करते रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि मुन्नी देवी पत्नी रूप किशोर की मात्र दो विस्वा जमीन शेष है, बाकी का विक्रय कर दिया है। इन्हीं का दूसरा चक करीब डेढ़ बीघा का बताया जाता है, जिसकी मालियत कम है एक माह से चकबंदी और राजस्व विभाग की टीम पर नाप- जोख में लगी है, लेकिन सेक्टर में जमीन कम पड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि अब प्रशासन ने पांच जून को कब्जा परिवर्तन की तिथि तय की थी, लेकिन किसी काश्तकार को नोटिस नहीं दिए गए। जब टीम ने झंडा- डंडा गाड़ने शुरू किया तो किसान खेतों पर पहुंचे। एसडीएम को कम जमीन होने की जानकारी दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों का कहना है कि चकबंदी और तहसील की टीम एक सप्ताह से एक सेक्टर की माप में उलझी हुई है। किसानों ने इसे मुख्यमंत्री के ओएसडी के रिश्तेदार के छोटे से उड़ान चक का मामला बात कर कब्जा दिलाने की साजिश बताया। सेक्टर में जमीन न होने के कारण पांच जून को होने वाला कब्जा परिवर्तन सोमवार को भी नहीं हो सका। अब चक रोड आदि को कब्जा मुक्त करने का भी काम अधर में लटका हुआ है।

ग्रामीणों ने डीएम से चक परिवर्तन की प्रक्रिया को रोकने और संपूर्ण गांव के हर सेक्टर की पैमाइश कराने की मांग की है। इस दौरान किसान नानिक चंद, गिर्राज सिंह, नीरज, दुर्गा प्रसाद, पूरन, महावीर, विजेंद्र सिंह, दिनेश, विष्णु, जयकिशन आदि मौजूद रहे।

### क्लबफुट से जूझ रहे बच्चों को मिल रही नई राह

# जिला अस्पताल में अब तक 317 बच्चों का उपचार

**यूनिक समय, मथुरा।** जन्म के समय टेढ़े और अंदर की ओर मुड़े पैरों के कारण चलने–फिरने में असमर्थ रहने वाले बच्चों के लिए जिला अस्पताल उम्मीद की किरण बना है। समय पर पहचान और सही उपचार की वजह से अब ऐसे सैकड़ों बच्चे सामान्य बच्चों की तरह चलने, दौड़ने और जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने लगे हैं।

जिला अस्पताल द्वारा क्लबफुट से प्रभावित बच्चों के परिवारों को उपचार के बारे में जागरूक किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सहयोगी संस्था अनुष्का फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से जिले में क्लबफुट से प्रभावित



ब्लबफुट बीमारी से पीड़ित बालक।

बच्चों को बेहतर उपचार किया जा रहा है। क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें बच्चे के पैर जन्म के समय अंदर की ओर मुड़े हुए होते हैं। यह समस्या लगभग प्रत्येक 800 नवजात शिशुओं में से एक बच्चे को

### 150 बच्चे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन की ओर लौटे

प्रभावित करती है।

जिला अस्पताल में वर्ष 2018 से अब तक क्लबफुट से प्रभावित 317 बच्चों का उपचार किया जा रहा है,जिनमें से 150 बच्चे पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य बच्चों की तरह चलने–फिरने लगे हैं। शेष बच्चों का उपचार और फॉलो–अप जारी है।

सीएमएस नीरज अग्रवाल ने बताया कि आशा, एएनएम और अन्य फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता ऐसे बच्चों की शुरुआती पहचान कर उन्हें समय पर उपचार केंद्र तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभिभावकों की नियमित काउंसलिंग भी की जाती है, जिससे उपचार प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी हो सके।

जिला अस्पताल के क्लबफुट विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद जिसान ने बताया कि क्लबफुट कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, जन्म के बाद जल्द उपचार शुरू होने पर बेहतर परिणाम मिलते हैं। उपचार के शुरुआती चरण में एक छोटी प्रक्रिया की जाती है, जिसके बाद बच्चे के पैर पर 7 से 8 सप्ताह तक क्रमिक रूप से प्लास्टर चढ़ाया जाता है। इसके बाद विशेष जूते और ब्रेस लगभग चार वर्ष तक पहनाए जाते हैं।

नियमित फॉलो–अप और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने पर बच्चा पूरी तरह सामान्य होकर अन्य बच्चों की तरह दौड़ने और खेलने लगता है।

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.)
प्रशिक्षण–2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन College code 040029
NCTE, SCERT एवं उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थान में
सभी राज्य के अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं
द्विवर्षीय डी.एल.एड (बी.टी.सी) प्रशिक्षण 2026 हेतु
इच्छुक एवं अर्हय अभ्यर्थियों से www.geimathura.com पर ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं शीघ्र करें।
आवेदन प्रारम्भ 17 जून , 2026
गायत्री एजूकेशनल इंस्टीट्यूट
रसूलपुर, मथुरा (अल्पसंख्यक संस्थान)
8445685003, 7055322211

# जीएलए में अंतरराष्ट्रीय स्तर के अत्याधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट का शुभारंभ

### शिक्षा के साथ खेलों में उत्कृष्टता की नई पहल

### खिलाड़ियों को मिलेगा विश्वस्तरीय प्रशिक्षण वातावरण



अत्याधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट के शुभारंभ अवसर पर मौजूद कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका जीएलए विश्वविद्यालय अब खेलों के क्षेत्र में भी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विश्वविद्यालय परिसर स्थित खेल प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय मानकों पर निर्मित अत्याधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया। यह नया कोर्ट खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए समर्पित किया गया है।

समारोह में कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, चीफ फाइनेंस ऑफिसर डॉ. विवेक अग्रवाल, कुलसचिव अशोक कुमार सिंह, चीफ मेंटर डॉ. प्रमोद कुमार जोशी और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हिमांशु शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कोर्ट का शुभारंभ किया। उद्घाटन के उपरांत खिलाड़ियों ने आकर्षक प्रदर्शन मैच खेलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जीएलए विश्वविद्यालय में पहले से दो बास्केटबॉल कोर्ट हैं, लेकिन खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निरंतर सहभागिता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह नया कोर्ट तैयार किया गया है। आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली सतह से युक्त यह कोर्ट खिलाड़ियों को पेशेवर स्तर का अनुभव प्रदान करेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की वास्तविक पहचान केवल उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास से होती है। जीएलए शुरू से ही शिक्षा के साथ खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास को समान महत्व देता आया है। उन्होंने कहा कि जीएलए के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता थी। यह नया कोर्ट खिलाड़ियों को बड़े मंचों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

चीफ फाइनेंस ऑफिसर डॉ. विवेक अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग माना जाता है। यही कारण है कि जीएलए खेल अवसंरचना के विकास पर निरंतर निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल सुविधाएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्वविद्यालय का लक्ष्य ऐसी सुविधाएं विकसित करना है, जहां विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुरूप तैयारी कर सकें।

उल्लेखनीय है कि जीएलए विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने हाल के वर्षों में कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय की टीम ने आईआईटी पटना में प्रथम स्थान, आईआईटी जोधपुर में प्रथम स्थान और एचबीटीयू में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा जीएलए के खिलाड़ी देशभर के विभिन्न आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय संस्थानों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं एवं स्पोर्ट्स फेस्ट में नियमित रूप से प्रतिभाग कर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।

कार्यक्रम में खेल विभाग के सीनियर मैनेजर आंद्रे बेंजामिन ने अतिथियों का स्वागत- सम्मान किया। संचालन भूपेंद्र कुमार मिश्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन बास्केटबॉल कोच आशीष कुमार राय ने दिया। इस अवसर पर कोच जेपी सिंह, आकाश कुमार, राहुल उपाध्याय, रितु जाट, श्याम नारायण राय, मन्नू आर्य, प्रिया तांगड़, सौरभ गुप्ता सहित खेल विभाग के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रक्तदान मानवता के प्रति बड़ी जिम्मेदारी : विवेक



**यूनिक समय, मथुरा।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर धौलीप्याऊ स्थित एक होटल में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीएलए यूनिवर्सिटी के चीफ फाइनेंस ऑफिसर विवेक अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और रक्तदाताओं को प्रमाण–पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर विवेक अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि रक्तदाता को भी आत्म संतुष्टि का अनुभव होता है। कार्यक्रम के आयोजक क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री यतेंद्र सिसोदिया और निखिल भारद्वाज ने विवेक अग्रवाल, जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेन्द्र प्रताप सिंह और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष- पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह का समाज में उनकी सकारात्मक-प्रेरणादायक भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया।

सद्भावना ब्लड बैंक के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गजेंद्र सिंह, ललित अग्रवाल, हर्षित सिसोदिया, अनमोल, कपिल सारस्वत, अंकित निषाद, सुरभि और अनामिका सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घीया मंडी स्थित प्राचीन मंदिर में मनाया गया पाटोत्सव


अभिषेक के बाद भक्तों को दर्शन देते रामचंद भगवान।

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार को शहर के घीया मंडी स्थित प्राचीन रामचंद्र महाराज मंदिर में श्री राम जन्म महोत्सव समिति ने भगवान रामचंद्र महाराज का 104वां पाटोत्सव मनाया। शुभारंभ प्रातःकाल पंचामृत अभिषेक, विशेष पूजन– वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान रामचंद्र की पूजा–अर्चना कर परिवार, समाज–राष्ट्र की सुख–समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। दिनभर मंदिर में दर्शन, पूजन–अर्चन और धार्मिक आयोजनों का क्रम चलता रहा। भजन संध्या में श्यामश्याम संकीर्तन मंडल के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बंसल भगत और महामंत्री मनु ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज को सत्य, मर्यादा और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देते हैं। सेवक हेमंत चतुर्वेदी ने कहा कि मंदिर सामाजिक समरसता और जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करने का माध्यम भी है। समिति के प्रवक्ता श्याम शर्मा ने बताया धार्मिक–सांस्कृतिक आयोजन भारतीय संस्कृति के मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर हेमंत चतुर्वेदी, संजीव शर्मा, हेमू, अनिल पंडित, पीयूष शर्मा, ध्रुव शर्मा, नितिन चतुर्वेदी, मुखिया चंद्रप्रकाश, रुचि द्विवेदी, रुचि शर्मा, रमा शर्मा, केशव पंडा, निखिल वार्ष्णेय, चिन्मय शर्मा, डॉ. संजय गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बीएसए कॉलेज में छात्र सीख रहे आधुनिक तकनीक


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान छात्रों और ट्रेनर्स से संवाद करते संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल ।

### ऑर्डिनो के साथ सीख रहे नवाचार

### विशेषज्ञ ट्रेनर्स दे रहे तकनीकी ज्ञान

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मथुरा के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में सोफकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सहयोग से इन–कैंपस समर ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। 60 घंटे ट्रेनिंग प्रोग्राम का मुख्य विषय इंटरनेट ऑफ थिंग्स विद ऑर्डिनो रखा गया है, जिसमें छात्र–छात्राएं आधुनिक तकनीक के बारे में व्यावहारिक गुर सीख रहे हैं।

प्रशिक्षण में सोफकॉन इंडिया के विशेषज्ञ ट्रेनर आमिर और राहुल गुप्ता ने छात्रों को आईओटी की बारीकियों, ऑर्डिनो कोडिंग का लाइव प्रैक्टिकल कराया जा रहा है। इस ट्रेनिंग में ईसीई विभाग के द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं।

संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल ने ट्रेनिंग का निरीक्षण करते हुए उन्होंने ट्रेनर्स और छात्रों से बातचीत कर ट्रेनिंग की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल की। चेयरमैन ने कहा कि आज का युग तकनीक और इनोवेशन का रह गया है। कॉलेज परिसर में इस तरह की व्यावहारिक ट्रेनिंग मिलना आप सभी के लिए एक शानदार अवसर है। संस्थान के वाइस चेयरमैन इंजीनियर नितिन मित्तल, निदेशक प्रो श्याम सुन्दर अग्रवाल, डीन अकादमिक प्रो. लोकेन्द्र शर्मा और ईसीई विभागाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि यह ट्रेनिंग विद्यार्थियों को नई तकनीकों के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ उनके करियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## राजीव इंटरनेशनल स्कूल में लगे चौके–छक्के

### फादर्स डे के उपलक्ष्य में शिक्षकों और अभिभावकों के मध्य खेला गया मैत्री क्रिकेट मुकाबला


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी।

**यूनिक समय, मथुरा।** पिता के प्रेम, त्याग, बलिदान और समर्पण के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राजीव इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को शिक्षकों और अभिभावकों के बीच मैत्री क्रिकेट मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों की हौसलाअफजाई अभिभावकों, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं ने की। शुभारंभ केडी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर और सिक्का उछाल कर किया।

दर्शक दीर्घा में उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र–छात्राओं ने हर चौके–छक्के पर जहां बल्लेबाजों का उत्साह बढ़ाया, वहीं विकेट गिरने पर गेंदबाजों की हौसलाअफजाई की। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। अंततः रोमांचक मुकाबला टीचर्स टीम ने जीता। विजेता टीचर्स टीम को मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने ट्रॉफी- सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए फादर्स टीम के चरण सिंह को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया। किंडर गार्डन के नन्हें–मुन्ने छात्र–छात्राओं ने अपने पिता के साथ बिताए गए यादगार पलों की तस्वीरें और वीडियो सभी से साझा कीं। स्कूल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि पिता ही बच्चों के सही मायने में रखवाले होते हैं। बच्चों को कदम–कदम पर संभालने का काम पिता ही करते हैं।

पिता बच्चों का जन्मदाता और भाग्य विधाता होता है। कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने कहा माता–पिता दुनिया के सबसे अनमोल रत्न होते हैं। बच्चों के लिए सबसे प्रथम और सबसे बड़े आदर्श उनके माता–पिता ही होते हैं। केडी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की प्राचार्य डॉ. नवप्रीत कौर ने कहा कि माता–पिता तो देवी–देवता समान होते हैं। माता–पिता की सेवा करना प्रत्येक पुत्र का परम कर्तव्य और धर्म होता है। राजीव इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल नंदिता ढींगरा ने कहा कि पितृ दिवस मनाना एक सामाजिक उत्सव है, इससे एक पिता को अपने बच्चों के लिए उसकी अहमियत का पता चलता है।

## बहन को भगाने का आरोप चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, चौमुहां।** थाना जैत क्षेत्र के गांव मौरा में रहने वाले एक युवक ने पड़ोसी पर बहन को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मौरा निवासी भगत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 14 जून को उसकी बहन घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों द्वारा तलाश करने पर जानकारी मिली कि पड़ोस में रहने वाला प्रमोद सिंह उसे अपने साथ ले गया है। आरोप है कि जब परिजन प्रमोद के घर पहुंचे तो वहां मौजूद उसके परिजनों ने अभद्रता की और जान से मारने, झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि प्रमोद के भाई जयप्रकाश उर्फ जेपी ने फोन पर भी धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर प्रमोद, जयप्रकाश उर्फ जेपी, विजेंद्र और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सलाद में कच्ची सब्जियां खाने से पहले बरतें सावधानी

### हेल्दी सलाद बन सकता है एलर्जी की वजह

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आजकल फिटनेस और डाइटिंग के बढ़ते ट्रेंड के बीच लोग सलाद में कच्ची सब्जियां खाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ सब्जियों का कच्चा सेवन फायदे की बजाय नुकसान भी पहुंचा सकता है। खासकर चुकंदर, पालक, आंवला और कुछ पत्तेदार सब्जियां संवेदनशील लोगों में एलर्जी और पाचन संबंधी समस्याओं का कारण बन सकती हैं।



विशेषज्ञों के अनुसार चुकंदर में बीटा वल्गारिस नामक प्रोटीन पाया जाता है, जो कुछ लोगों में एलर्जिक रिएक्शन पैदा कर सकता है। इसके कारण जीभ और गले में जलन, मुंह में खुजली, पित्ती और अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यदि चुकंदर को ठीक से साफ न किया जाए तो इससे मुंह और जीभ छिलने की शिकायत भी हो सकती है।

चुकंदर का सेवन करते समय मात्रा का ध्यान रखना भी जरूरी है। कच्चा चुकंदर खाने की स्थिति में एक मध्यम आकार के चुकंदर की केवल 3–4 स्लाइस ही पर्याप्त मानी जाती है। इसे खाने से पहले नमक और बेकिंग सोडा मिले पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। हल्का उबालकर खाने से एलर्जी का जोखिम कम हो सकता है।

इसी तरह कच्चा आंवला अधिक मात्रा में खाने से मुंह और जीभ में जलन या फटने जैसी परेशानी हो सकती है। वहीं लौकी, तोरई, खीरा और ककड़ी का सेवन करते समय यह जरूर जांच लें कि वे कड़वे तो नहीं हैं। कड़वी लौकी या तोरई में कुकरबिटासिन नामक विषैला तत्व पाया जाता है, जो शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

विशेषज्ञ पत्तेदार सब्जियों जैसे पालक और चौलाई को भी कच्चा खाने से बचने की सलाह देते हैं। इनमें कीड़े या सूक्ष्म जीव मौजूद हो सकते हैं, इसलिए इन्हें अच्छी तरह धोकर और पकाकर ही खाना सुरक्षित माना जाता है।

स्वस्थ रहने के लिए सिर्फ पौष्टिक भोजन ही नहीं, बल्कि उसे सही तरीके से तैयार करना भी उतना ही जरूरी है। इसलिए सलाद में कच्ची सब्जियां शामिल करने से पहले सावधानी जरूर बरतें।

# मुंह के छाले और बदली आवाज को न करें नजरअंदाज

### छाले और बदलती आवाज को न करें नजरअंदाज

### ओरल कैंसर के हो सकते हैं शुरुआती संकेत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंह में छाले पड़ना या सर्दी–जुकाम के दौरान आवाज बदलना आम बात है, लेकिन यदि ये समस्याएं लंबे समय तक बनी रहें और जल्दी ठीक न हों तो सतर्क हो जाना चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे लक्षण कई बार ओरल कैंसर (मुंह के कैंसर) की शुरुआती चेतावनी भी हो सकते हैं।



दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के ईएनटी और हेड–नेक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. नईम अहमद सिद्दीकी के मुताबिक, यदि मुंह के छाले लगातार बने रहें, आवाज भारी हो जाए या मुंह के अंदर असामान्य बदलाव दिखाई दें, तो इसे सामान्य समस्या मानकर अनदेखा नहीं करना चाहिए।

क्या हैं ओरल कैंसर के शुरुआती लक्षण विशेषज्ञ बताते हैं कि मुंह में बार–बार छाले पड़ना और उनका 2–3 सप्ताह तक ठीक न होना, मुंह के अंदर लाल या सफेद धब्बे दिखना, मसूड़ों या गालों में सूजन, निगलने या चबाने में परेशानी, दांतों का ढीला होना और बिना वजह वजन घटना जैसे लक्षण ओरल कैंसर का संकेत हो सकते हैं।

आवाज में बदलाव भी है चेतावनी यदि बिना सर्दी–जुकाम के आपकी आवाज लगातार बैठी हुई या भारी महसूस हो रही है, तो इसे हल्के में न लें। यह गले या मुंह के भीतर किसी गंभीर समस्या की ओर इशारा कर सकता है।


क्या हैं इसके प्रमुख कारण तंबाकू, गुटखा, पान मसाला और शराब का सेवन ओरल कैंसर के सबसे बड़े जोखिम कारकों में गिने जाते हैं। इसके अलावा खराब ओरल हाइजीन, दांतों और मसूड़ों की समस्याओं को लंबे समय तक नजरअंदाज करना भी खतरा बढ़ा सकता है।

समय पर जांच है सबसे बड़ा बचाव डॉक्टरों का कहना है कि शुरुआती चरण में ओरल कैंसर का इलाज काफी हद तक सफल हो सकता है।

इसलिए यदि ऊपर बताए गए लक्षण लगातार दिखाई दें, तो तुरंत विशेषज्ञ से संपर्क करें। समय पर जांच और उपचार गंभीर जटिलताओं से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# गुरु पुष्य योग में करें ये चमत्कारी हल्दी उपाय

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ज्योतिष शास्त्र में गुरु पुष्य योग को अत्यंत शुभ और फलदायी माना गया है। जब गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र का संयोग बनता है, तब यह विशेष योग निर्मित होता है। इस वर्ष 18 जून को गुरु पुष्य योग का शुभ संयोग बन रहा है। मान्यता है कि इस दिन किए गए पूजा–पाठ, निवेश और धार्मिक उपाय कई गुना अधिक शुभ फल प्रदान करते हैं। विशेष रूप से हल्दी से जुड़े कुछ उपाय आर्थिक उन्नति, सकारात्मक ऊर्जा और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने में सहायक माने जाते हैं।



मुख्य द्वार और तिजोरी पर बनाएं शुभ चिन्ह-गुरु पुष्य योग के दिन हल्दी या हल्दी–केसर के मिश्रण से घर के मुख्य द्वार और तिजोरी पर स्वस्तिक, ॐ और श्री का चिन्ह बनाएं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ये प्रतीक सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं और घर में मौजूद नकारात्मकता को दूर करने में मदद करते हैं। माना जाता है कि इससे धन–धान्य और समृद्धि का आगमन होता है।

माता लक्ष्मी की पूजा में रखें हल्दी की गांठ-इस शुभ दिन माता लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा करें। पूजा के दौरान एक लाल या पीले कपड़े में हल्दी की गांठ, एक कौड़ी और एक सिक्का रखकर मां लक्ष्मी के चरणों में अर्पित करें। पूजा समाप्त होने के बाद इन वस्तुओं की पोटली बनाकर तिजोरी या धन रखने के स्थान पर रख दें। मान्यता है कि यह उपाय आर्थिक स्थिरता और धन वृद्धि के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।

हल्दी मिले जल से करें स्नान-गुरु पुष्य योग के दिन स्नान के पानी में एक चुटकी हल्दी मिलाकर स्नान करना भी शुभ माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार यह उपाय गुरु ग्रह को मजबूत करने में सहायक होता है और जीवन में धन, सम्मान तथा सकारात्मकता लाने का कार्य करता है। यदि इस उपाय को नियमित रूप से अगले गुरु पुष्य योग तक किया जाए तो विशेष लाभ प्राप्त हो सकते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि गुरु पुष्य योग में किए गए ये सरल उपाय जीवन में सुख, समृद्धि और आर्थिक उन्नति के द्वार खोल सकते हैं। ऐसे में 18 जून का यह शुभ अवसर आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यह जानकारी धार्मिक मान्यताओं और लोक विश्वासों पर आधारित है। इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है।




# 80 ग्राम प्रोटीन पाने का आसान डाइट प्लान



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** स्वस्थ शरीर, मजबूत मांसपेशियों और बेहतर ऊर्जा के लिए प्रोटीन बेहद जरूरी पोषक तत्व है। विशेषज्ञों के अनुसार, 60 से 80 किलो वजन वाले व्यक्ति को रोजाना लगभग 80 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है। सही खानपान अपनाकर इस लक्ष्य को आसानी से पूरा किया जा सकता है। सुबह के नाश्ते में 2 अंडे और बेसन का चीला शामिल करें, जिससे करीब 27–30 ग्राम प्रोटीन मिल सकता है। दोपहर तक 50 ग्राम सोया चंक्स खाने से 25 ग्राम से अधिक प्रोटीन प्राप्त होता है। वहीं शाम के स्नैक्स में भुना चना, मूंगफली, बादाम, अलसी या चिया सीड्स शामिल करने से 15–19 ग्राम अतिरिक्त प्रोटीन मिल सकता है।

लंच और डिनर में दाल, राजमा, छोले, पनीर, टोफू, अंकुरित अनाज या चिकन जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। संतुलित आहार, पर्याप्त पानी और नियमित व्यायाम के साथ शरीर प्रोटीन का बेहतर उपयोग कर पाता है, जिससे फिटनेस और स्वास्थ्य दोनों को फायदा मिलता है।

# पेपर कप में चाय पीने से बढ़ सकता कैंसर खतरा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आप अक्सर पेपर कप में चाय या कॉफी पीते हैं, तो यह आदत आपकी सेहत के लिए जोखिम भरी साबित हो सकती है। भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने पेपर कप के इस्तेमाल को लेकर एडवाइजरी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार, पेपर कप के अंदर पॉलीइथिलीन प्लास्टिक की कोटिंग होती है, जो गर्म पेय पदार्थों के संपर्क में आने पर माइक्रोप्लास्टिक कण छोड़ सकती है। आईआईटी ड़गपुर की एक रिसर्च में पाया गया कि गर्म चाय या कॉफी को पेपर कप में कुछ समय रखने पर हजारों माइक्रोप्लास्टिक कण पेय में मिल सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि ये सूक्ष्म कण शरीर में पहुंचकर कोशिकाओं और डीएनए को प्रभावित कर सकते हैं। लंबे समय तक इनके संपर्क में रहने से कैंसर, हार्मोनल असंतुलन और इम्यूनिटी कमजोर होने जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

डॉक्टरों ने सलाह दी है कि पेपर या प्लास्टिक कप की जगह स्टेनलेस स्टील, सिरेमिक कप या पारंपरिक मिट्टी के कुल्हड़ का इस्तेमाल करना बेहतर विकल्प हो सकता है। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए गर्म पेय पदार्थों के सेवन में सावधानी बरतना जरूरी है।

# बारिश में गले की खराश से दिलाए तुरंत राहत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बारिश के मौसम में सर्दी, जुकाम, गले की खराश और खांसी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ जाती हैं। ऐसे में एक आसान घरेलू उपाय आपको राहत दिला सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार अदरक, तुलसी और काली मिर्च से बनी हर्बल ब्लैक टी गले को आराम पहुंचाने और मौसमी संक्रमण से बचाने में मददगार हो सकती है।

इसे बनाने के लिए एक कप पानी में अदरक, कुटी हुई काली मिर्च और तुलसी के पत्ते डालकर अच्छी तरह उबालें। फिर इसमें चायपत्ती मिलाकर कुछ मिनट ढककर रखें। स्वाद के लिए शहद या गुड़ मिला सकते हैं।

दिन में दो बार इस चाय का सेवन करने से गले की खराश, खांसी और जुकाम में राहत मिल सकती है। अदरक और काली मिर्च शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं, जबकि तुलसी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक मानी जाती है। बारिश में भीगने के बाद यह चाय पीना विशेष रूप से फायदेमंद माना जाता है।

## सुविचार

दिल से निकली बात, दिल तक ज़रूर पहुंचती है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | चतुर्थी 09:38-06:58 तक | | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | पुष्य 01:36-11:32 तक | | माह | ज्येष्ठ |
| सूर्योदय | 5:28 AM | | चन्द्रोदय | 08:39 AM |
| सूर्यास्त | 7:12 PM | | चंद्रास्त | 10:28 PM |
| सूर्य राशि | मिथुन राशि | | चंद्र | कर्क राशि |
| शुभ मुहूर्त | 12:20PM -02:03 PM | | ब्रहम् मुहूर्त | 03:51-04:39 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | 02:03 PM: 03:46 PM | | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8.00 से दोपहर 01.30बजे तक और शाम 4.00 से रात 9.00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6.30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6.30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7.30 बजे तक।

## कल का राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग रहेगा। नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृषभ:** धन लाभ के योग हैं। पुराने कार्य पूरे होंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। संयम बनाए रखें।

**मिथुन:** आत्मविश्वास बढ़ेगा। नौकरी में प्रगति संभव है। नई योजनाएं सफल होंगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्च नियंत्रित रखें।

**कर्क:** पारिवारिक सुख मिलेगा। निवेश सोच-समझकर करें। कार्यक्षेत्र में प्रशंसा मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धैर्य बनाए रखें।

**सिंह:** नेतृत्व क्षमता निखरेगी। रुके कार्य पूरे होंगे। आर्थिक लाभ संभव है। परिवार में खुशी रहेगी। विवादों से बचें।

**कन्या:** मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आय बढ़ेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**तुला:** दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार में लाभ होगा। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक:** महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**धनु:** भाग्य का साथ मिलेगा। शिक्षा और करियर में प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। परिवार में उत्साह रहेगा।

**मकर:** धैर्य और मेहनत से सफलता मिलेगी। निवेश लाभकारी रहेगा। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे। तनाव कम रहेगा।

**कुंभ:** नए संपर्क लाभ देंगे। व्यापार में उन्नति होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। खुशियां मिलेंगी।

**मीन:** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग रहेगा। धन लाभ संभव है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभ समाचार मिलेंगे।

# 30 जुलाई से शुरू होगा सावन, चार होंगे सावन सोमवार व्रत

### मंगला गौरी व्रत भी चार

**यूनिक समय, मथुरा।** भगवान शिव को समर्पित पवित्र श्रावण मास यानी सावन का भक्तों को हर वर्ष बेसब्री से इंतजार रहता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन माह में शिव पूजा, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, कांवड़ यात्रा और व्रत-उपवास का विशेष महत्व होता है। वर्ष 2026 में सावन का शुभारंभ 30 जुलाई से होगा और इसका समापन 28 अगस्त को होगा।

वैदिक पंचांग के अनुसार, श्रावण कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 जुलाई की रात 8:05 बजे शुरू होकर 30 जुलाई की रात 9:30 बजे तक रहेगी।



उदयातिथि के आधार पर सावन माह का आरंभ 30 जुलाई, गुरुवार से माना जाएगा। विशेष बात यह है कि इस वर्ष सावन का प्रारंभ आयुष्मान योग में होगा, जिसे स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाला शुभ योग माना जाता है। सावन माह भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। श्रद्धालु पूरे महीने शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं, अविवाहित और विवाहित महिलाएं सुखी वैवाहिक जीवन तथा मनचाहा वर पाने की कामना से सावन सोमवार और मंगला गौरी व्रत रखती हैं।

इस वर्ष सावन में कुल चार सावन सोमवार व्रत पड़ेंगे। पहला सावन सोमवार 3 अगस्त को होगा, जबकि अंतिम सोमवार व्रत 24 अगस्त को रखा जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि सावन में श्रद्धा और विधि-विधान से भगवान शिव तथा माता गौरी की पूजा करने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

### सोमवार व्रत की तिथियां

- पहला सोमवार: 3 अगस्त
- दूसरा सोमवार: 10 अगस्त
- तीसरा सोमवार: 17 अगस्त
- चौथा सोमवार: 24 अगस्त

### चार मंगला गौरी व्रत

सावन 2026 में माता पार्वती को समर्पित चार मंगला गौरी व्रत पड़ेंगे। ये व्रत 4 अगस्त, 11 अगस्त, 18 अगस्त और 25 अगस्त को रखे जाएंगे। धार्मिक मान्यता है कि मंगला गौरी व्रत करने से सुखी वैवाहिक जीवन, अखंड सौभाग्य और मनचाही मनोकामनाओं की प्राप्ति होती है।

## सप्ताह के सात दिन, सात वृक्ष और सात आशीर्वाद

# हर दिन करें खास पेड़ की पूजा



**यूनिक समय, मथुरा।** सनातन परंपरा में पेड़-पौधों को केवल प्रकृति का हिस्सा नहीं, बल्कि आस्था, ऊर्जा और देवत्व का प्रतीक माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सप्ताह के प्रत्येक दिन का संबंध किसी न किसी देवी-देवता और विशेष वृक्ष से होता है। माना जाता है कि सही दिन पर संबंधित वृक्ष की पूजा करने से जीवन

### देवी-देवताओं की कृपा का मार्ग

में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।सोमवार भगवान शिव को समर्पित माना जाता है। इस दिन बेल वृक्ष की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पित करने और बेल के पेड़ के पास दीपक जलाने से मन को शांति और वैवाहिक जीवन में सुख प्राप्त होता है। मंगलवार हनुमान जी, मंगल देव और मां दुर्गा की आराधना का दिन है। इस दिन नीम के पेड़ की पूजा करने की परंपरा है। मान्यता है कि नीम नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करता है। बुधवार भगवान गणेश और बुध देव को समर्पित होता है। इस दिन तुलसी और आंवला की पूजा शुभ मानी जाती है। तुलसी पूजा से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है, जबकि आंवला व्यापार और करियर में उन्नति का प्रतीक माना जाता है। गुरुवार भगवान विष्णु और देवगुरु बृहस्पति का दिन है। इस दिन केले के पेड़ की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। हल्दी मिश्रित जल अर्पित करने से वैवाहिक जीवन में मधुरता और घर में सुख-समृद्धि बढ़ने की मान्यता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

शुक्रवार मां लक्ष्मी और शुक्र देव को समर्पित है। इस दिन तुलसी, अशोक और आंवला की पूजा की जाती है। तुलसी के पास दीपक जलाना आर्थिक उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

शनिवार को पीपल और शमी वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इनकी पूजा से शनिदोष कम होता है और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। रविवार भगवान सूर्य का दिन माना जाता है। इस दिन सफेद आंकड़े के पौधे की पूजा शुभ मानी जाती है। मान्यता है कि इससे आत्मविश्वास, ऊर्जा और सम्मान में वृद्धि होती है। धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ इन वृक्षों का संरक्षण भी आवश्यक है। पेड़ों की पूजा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है।

## 19 घंटे बंद रहेंगे खाटूश्याम मंदिर के पट

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर में दर्शन करने की योजना बना रहे श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अनुसार, बाबा श्याम के विशेष तिलक श्रृंगार और धार्मिक अनुष्ठान के चलते मंदिर के पट करीब 19 घंटे तक बंद रहेंगे।

मंदिर प्रशासन ने बताया कि 18 जून रात 10 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे।

इसके बाद 19 जून को पूरे दिन विशेष पूजा-अर्चना और चंदन तिलक श्रृंगार का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर 19 जून शाम 5 बजे पुनः खोला जाएगा।

कमेटी के अनुसार, अमावस्या के बाद होने वाले इस पारंपरिक श्रृंगार में 8 से 10 घंटे या उससे अधिक समय लगता है। इस दौरान मुख्य पुजारी विधि-विधान से पूजा संपन्न करते हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि निर्धारित समय का ध्यान रखते हुए दर्शन की योजना बनाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# गुरुवार को विष्णु की कृपा पाने के लिए पीले रंग के कपड़े जरूर पहने

**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में सप्ताह के प्रत्येक दिन का संबंध किसी न किसी ग्रह और देवता से माना गया है। गुरुवार का दिन देवताओं के गुरु बृहस्पति और भगवान विष्णु को समर्पित होता है। यही कारण है कि इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व बताया गया है और पीले वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है।

ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, गुरु बृहस्पति ज्ञान, शिक्षा, विवाह, संतान, धन और समृद्धि के कारक ग्रह हैं। पीला रंग बृहस्पति का प्रिय रंग माना जाता है। इसलिए गुरुवार के दिन पीले रंग के कपड़े पहनने, पीला रूमाल रखने या हल्दी एवं पीले चंदन का तिलक



लगाने से गुरु ग्रह का शुभ प्रभाव प्राप्त होता है। माना जाता है कि इससे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और करियर, शिक्षा तथा वैवाहिक जीवन में सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ती हैं। ज्योतिष विशेषज्ञों के अनुसार, जिन लोगों की कुंडली में गुरु ग्रह कमजोर होता है, उन्हें गुरुवार

### गुरु बृहस्पति से जुड़ा है संबंध

के दिन पीली वस्तुओं का उपयोग और दान करने की सलाह दी जाती है। इस दिन पीली दाल, हल्दी, केसर, गुड़, घी, पीले वस्त्र और पीतल जैसी वस्तुओं का दान करना शुभ माना जाता है। इससे गुरु ग्रह को मजबूत करने में सहायता मिलती है।

धार्मिक दृष्टि से भी पीले रंग का विशेष महत्व है। भगवान विष्णु को पीला रंग अत्यंत प्रिय माना जाता है। गुरुवार को उनकी पूजा में पीले फूल, हल्दी, पीला चंदन, पीले चावल और गुड़ अर्पित किए जाते हैं। कई श्रद्धालु इस दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु और केले के पौधे की पूजा भी करते हैं। मान्यता है कि विवाह में देरी, दांपत्य जीवन की समस्याओं या जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए गुरुवार का व्रत और पीले रंग का प्रयोग लाभकारी माना जाता है। इसी वजह से गुरुवार के दिन पीले रंग के वस्त्र धारण करने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, गुरुवार को पीला रंग धारण करना गुरु बृहस्पति और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने का प्रतीक माना जाता है, जो जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मकता का संदेश देता है।

## सम्पादकीय

# रामभक्तों का दान कम या हिसाब गड़बड़

अयोध्या का राम मंदिर आस्था, श्रद्धा और करोड़ों लोगों की भावनाओं का केंद्र है। लेकिन हाल में सामने आए कुछ आंकड़े ऐसे हैं, जो श्रद्धा से ज्यादा सवाल पैदा करते हैं। सवाल सिर्फ चढ़ावे की चोरी का नहीं है, बल्कि उस व्यवस्था का है, जो इतने बड़े धार्मिक संस्थान के संचालन का दावा करती है। ट्रस्ट के दस्तावेज बताते हैं कि 11 महीनों में लगभग 16 करोड़ श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने पहुंचे, जबकि दान के रूप में करीब 83 करोड़ रुपए मिले। हिसाब लगाएं तो प्रति श्रद्धालु औसतन पांच



**पवन गौतम**
**संपादक**

रुपए से भी कम का दान बनता है। यह आंकड़ा सुनकर या तो श्रद्धालु हैरान होंगे या फिर गणित। क्योंकि जिस देश में मंदिरों में लोग खुले मन से दान करते हैं, वहां करोड़ों श्रद्धालुओं का औसत पांच रुपए रह जाना कई सवाल खड़े करता है। दिलचस्प बात यह है कि दान से ज्यादा कमाई तो बैंक में जमा रकम के ब्याज से हो गई। ट्रस्ट को 11 महीनों में 138 करोड़ रुपए ब्याज के रूप में मिले। यानी रामभक्तों से ज्यादा उदार तो बैंक साबित हुए। अगर यही स्थिति रही तो भविष्य में दानपेटी के बजाय बैंक पासबुक को ही मंदिर का सबसे बड़ा दानी घोषित करना पड़ेगा। मामला यहीं नहीं रुकता। धर्मध्वजा कार्यक्रम पर 10 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुए, लेकिन खर्च का विस्तृत ब्यौरा तक कई सदस्यों को नहीं बताया गया। करीब छह हजार अतिथियों पर औसतन 16 हजार रुपए प्रति व्यक्ति खर्च होने का दावा है। ऐसे में यह पूछना स्वाभाविक है कि यह आयोजन धार्मिक था या किसी पांच सितारा सम्मेलन का भारतीय संस्करण? और सबसे बड़ा प्रश्न सुरक्षा पर है। जब 11 महीनों में सुरक्षा पर लगभग 10 करोड़ रुपए खर्च हुए, तब चढ़ावे की चोरी कैसे होती रही? सीसीटीवी कैमरे थे, सुरक्षा गार्ड थे, व्यवस्थाएं थीं, फिर भी चोरी होती रही। इससे लगता है कि सुरक्षा व्यवस्था शायद भगवान भरोसे थी और भगवान स्वयं जांच समिति के आने का इंतजार कर रहे थे।धार्मिक संस्थानों की सबसे बड़ी पूंजी जनता का विश्व ास होता है। दान की राशि कितनी आई, कितना खर्च हुआ और किस मद में हुआ, इसकी पारदर्शिता अनिवार्य है। राम मंदिर केवल एक भवन नहीं, करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है। इसलिए यहां उठे सवालों का जवाब भी उतना ही स्पष्ट होना चाहिए। आस्था अंधविश्वास नहीं होती। श्रद्धा का सम्मान तभी सुरक्षित रहता है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो। वरना कहीं ऐसा न हो कि भविष्य में लोग रामलला के दर्शन से पहले दानपेटी नहीं, ऑडिट रिपोर्ट देखने लगें।

स्कैन करें

**संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।**

## नजरिया

# जी–7 में बदलती दुनिया के बीच भारत पर बढ़ता भरोसा

**नीरज दुबे**

कनाडा में आयोजित जी–7 शिखर सम्मेलन 2026 केवल विकसित देशों की बैठक भर नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक राजनीति में हो रहे बड़े बदलावों का आईना भी साबित हुआ। एक समय था जब जी–7 को दुनिया की दिशा तय करने वाला सबसे प्रभावशाली मंच माना जाता था। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान की सामूहिक ताकत वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीति को प्रभावित करती थी। लेकिन इस बार सम्मेलन का संदेश कुछ अलग था। दुनिया बदल रही है, शक्ति संतुलन बदल रहा है और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की पुरानी परिभाषाएं भी बदलती नजर आ रही हैं।

सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हुआ जब ईरान संकट, यूक्रेन युद्ध, वैश्विक महंगाई, ऊर्जा असुरक्षा और आर्थिक अनिश्चितता जैसे मुद्दे दुनिया के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं। ईरान और इजराइल के बीच बढ़े तनाव तथा उसके बाद पैदा हुई परिस्थितियों ने वैश्विक बाजारों को झकझोर दिया। युद्धविराम की कोशिशों के बावजूद तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी रही और दुनिया भर के निवेशकों में चिंता का माहौल दिखाई दिया। ऐसे माहौल में जी–7 से उम्मीद थी कि वह एकजुट होकर दुनिया को स्पष्ट दिशा देगा, लेकिन सम्मेलन ने एक और सच्चाई उजागर कर दी–पश्चिमी देशों के भीतर मतभेद अब पहले से कहीं अधिक गहरे हो चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां इस चर्चा के केंद्र में रहीं। ट्रंप लंबे समय से यह मानते रहे हैं कि अमेरिका को अपने हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, चाहे इसके लिए पारंपरिक सहयोगियों से टकराव ही क्यों न मोल लेना पड़े। व्यापारिक शुल्कों की धमकी, नाटो सहयोगियों पर रक्षा खर्च बढ़ाने का दबाव और कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों को लेकर उनकी कठोर नीति ने यूरोप के भीतर असहजता पैदा की है। यही कारण है कि इस बार जी–7 सम्मेलन में अमेरिका और यूरोप के बीच वैचारिक दूरी साफ दिखाई दी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वर्षों से यूरोप की रणनीतिक स्वायत्तता की वकालत करते रहे हैं। उनका मानना है कि यूरोप को अपनी सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में अमेरिका पर अत्यधिक निर्भरता कम करनी चाहिए। इस सम्मेलन में भी फ्रांस ने इसी विचार को मजबूती से आगे बढ़ाया। यूरोप के कई देशों को अब यह महसूस होने लगा है कि बदलती अमेरिकी राजनीति के दौर में उन्हें अपने हितों की रक्षा स्वयं करनी होगी।

ग्रीनलैंड विवाद ने इस सोच को और मजबूती दी। जब अमेरिका की ओर से ग्रीनलैंड को लेकर आक्रामक बयान आए, तब यूरोप के भीतर यह चिंता पैदा हुई कि क्या भविष्य में अमेरिका के साथ संबंध पहले जैसे भरोसेमंद रह पाएंगे। यह केवल एक क्षेत्रीय विवाद नहीं था, बल्कि उस भरोसे की परीक्षा थी जिस पर दशकों से अटलांटिक गठबंधन टिका हुआ है। यही वजह है कि अब यूरोप में सामरिक स्वतंत्रता



और आत्मनिर्भर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है।

ब्रिटेन की स्थिति भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। ब्रेक्जिट के बाद उसने अमेरिका के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने की कोशिश की थी, लेकिन बदलती परिस्थितियों में उसे फिर से यूरोप के साथ तालमेल बढ़ाने की जरूरत महसूस हो रही है। इटली, जर्मनी और अन्य यूरोपीय देशों के भीतर भी राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति मजबूत हुई है। यह संकेत है कि दुनिया अब उस दौर से आगे बढ़ रही है, जहां एक शक्ति केंद्र पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करता था।

यहीं से बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की चर्चा शुरू होती है। आज वैश्विक राजनीति में केवल अमेरिका या पश्चिमी देशों की आवाज निर्णायक नहीं रही। चीन, भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और खाड़ी देशों जैसी उभरती शक्तियां अंतरराष्ट्रीय निर्णय प्रक्रिया में लगातार प्रभाव बढ़ा रही हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था का केंद्र भी धीरे–धीरे एशिया की ओर खिसक रहा है। ऐसे में दुनिया को ऐसे देशों की जरूरत है जो विभिन्न शक्ति केंद्रों के बीच संवाद और संतुलन कायम रख सकें।

भारत इसी भूमिका में सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभरा है। पिछले एक दशक में भारत ने अपनी विदेश नीति को केवल क्षेत्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे वैश्विक आयाम दिया है। भारत की सबसे बड़ी ताकत यह रही कि उसने किसी एक गुट या शक्ति केंद्र के साथ खुद को पूरी तरह नहीं जोड़ा। अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के साथ–साथ उसने रूस के साथ अपने पारंपरिक संबंध भी बनाए रखे। पश्चिम एशिया में भी भारत ने संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई, जिससे उसकी स्वीकार्यता सभी पक्षों में बनी रही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति ने इस प्रक्रिया को और गति दी। उन्होंने दुनिया के लगभग सभी प्रमुख नेताओं के साथ व्यक्तिगत और राजनीतिक संबंधों को मजबूत किया। भारत ने यूक्रेन युद्ध के दौरान भी स्वतंत्र रुख अपनाया। उसने शांति और संवाद का समर्थन किया, लेकिन किसी पक्ष के दबाव में आकर अपनी विदेश नीति नहीं बदली। इसी तरह पश्चिम एशिया के संकटों में भी भारत ने संतुलन बनाए रखा। भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत ने भी उसकी वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। डिजिटल तकनीक, विनिर्माण, अंतरिक्ष विज्ञान, ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वैश्विक कंपनियां भारत को केवल एक बड़ा उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि भविष्य के विकास इंजन के रूप में देख रही हैं।

जी–20 की सफल अध्यक्षता के बाद भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और बढ़ी है। भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज को वैश्विक मंचों तक पहुंचाने का प्रयास किया। अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों ने महसूस किया कि भारत उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं को प्रभावी ढंग से सामने रख सकता है। यही कारण है कि आज जब दुनिया नए नेतृत्व और नए संतुलन की तलाश में है, तब भारत की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

जी–7 सम्मेलन में भारत की भागीदारी इसी बढ़ती स्वीकार्यता का प्रतीक है। भारत न तो पश्चिम के खिलाफ खड़ा है और न ही किसी अन्य शक्ति केंद्र का विरोधी है। उसकी नीति सहयोग, संवाद और साझा विकास पर आधारित है। यही वजह है कि अमेरिका, यूरोप, रूस और खाड़ी देशों सहित लगभग सभी प्रमुख शक्तियां भारत के साथ अपने संबंध मजबूत करना चाहती हैं।

हालांकि जी–7 सम्मेलन की सीमाएं भी सामने आईं। यूक्रेन युद्ध को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। चीन के प्रति रणनीति को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद बने रहे। जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। इसके अलावा वैश्विक कर्ज संकट और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों पर भी कोई निर्णायक सहमति नहीं बन सकी। इससे यह स्पष्ट हुआ कि आज की दुनिया पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल हो चुकी है।

फिर भी सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि संवाद की प्रक्रिया जारी रही। मतभेदों के बावजूद देशों ने बातचीत का रास्ता नहीं छोड़ा। यह ऐसे समय में महत्वपूर्ण है, जब दुनिया अनेक भू–राजनीतिक और आर्थिक संकटों का सामना कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और वैश्विक व्यापार जैसे विषयों पर सहयोग की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है।

अंततः जी–7 शिखर सम्मेलन 2026 ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। दुनिया अब एकध्रुवीय नहीं रही। शक्ति का वितरण बदल रहा है और नए केंद्र उभर रहे हैं। पश्चिमी देशों की एकता में दरारें दिखाई दे रही हैं, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाएं अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाने लगी हैं। इस बदलते परिदृश्य में भारत केवल एक सहभागी देश नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक व्यवस्था को आकार देने वाली प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। उसकी संतुलित कूटनीति, मजबूत अर्थव्यवस्था और विश्वसनीय नेतृत्व उसे ऐसी स्थिति में पहुंचा रहे हैं, जहां दुनिया के विभिन्न शक्ति केंद्र उसे भरोसे और उम्मीद की नजर से देख रहे हैं। यही भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और बदलती विश्व व्यवस्था में उसकी निर्णायक भूमिका का सबसे बड़ा संकेत है।

## विचार विण्डो

# हल्दीघाटी: जहां हारकर भी अमर हुए महाराणा प्रताप

**बोध प्रकाश सगुणी**

इतिहास केवल विजेताओं के नाम याद नहीं रखता, बल्कि उन योद्धाओं को भी अमर कर देता है जिन्होंने अपने सिद्धांतों और स्वाभिमान के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया। भारत के इतिहास में महाराणा प्रताप ऐसा ही नाम हैं, जिनकी पहचान किसी साम्राज्य की विशालता से नहीं, बल्कि अदम्य साहस, स्वतंत्रता के प्रति समर्पण और अटूट आत्मसम्मान से होती है। हल्दीघाटी का युद्ध इसी संघर्ष का प्रतीक है, जिसने चार शताब्दियों से अधिक समय बाद भी भारतीय जनमानस में अपनी चमक बरकरार रखी है।

18 जून 1576 को मेवाड़ की पीली मिट्टी पर लड़ा गया हल्दीघाटी का युद्ध केवल दो सेनाओं का टकराव नहीं था। यह स्वतंत्रता और अधीनता, स्वाभिमान और सत्ता विस्तार के बीच निर्णायक संघर्ष था। एक ओर उस समय के सबसे शक्तिशाली शासक अकबर की विशाल मुगल सेना थी, तो दूसरी ओर सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए लड़ने को तैयार महाराणा प्रताप।

इतिहासकारों में इस युद्ध के परिणाम को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन एक तथ्य निर्विवाद है कि अकबर का मूल उद्देश्य कभी पूरा नहीं हुआ। वह महाराणा प्रताप को झुकाना चाहता था, उन्हें मुगल सत्ता के अधीन देखना चाहता था, लेकिन प्रताप जीवन भर अडिग रहे। उन्होंने न आत्मसमर्पण किया और न ही अपनी स्वतंत्रता का सौदा किया। यही कारण है कि हल्दीघाटी का युद्ध केवल सैन्य परिणामों से नहीं, बल्कि उसके व्यापक प्रभावों से आंका जाता है।

युद्ध के दौरान महाराणा प्रताप ने जो साहस दिखाया, वह भारतीय वीरता की मिसाल बन गया। अपने प्रिय अश्व चेतक पर सवार होकर उन्होंने दुश्मन सेना के मध्य तक धावा बोल दिया। चेतक का पराक्रम आज भी लोककथाओं और इतिहास के पन्नों में जीवित है। घायल होने के बावजूद उसने अपने स्वामी की रक्षा की और अंतिम सांस तक निष्ठा का परिचय दिया। चेतक की कहानी केवल एक घोड़े की कथा नहीं, बल्कि कर्तव्य और समर्पण की अमर गाथा है।

हल्दीघाटी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि युद्ध के बाद भी संघर्ष समाप्त नहीं हुआ। अक्सर युद्ध हारने वाले शासक इतिहास के अंधेरे में खो जाते हैं, लेकिन महाराणा प्रताप का संघर्ष यहीं से और मजबूत हुआ। उन्होंने अरावली की कठिन पहाड़ियों में रहकर अपने अभियान को जारी रखा। अभावों का जीवन



स्वीकार किया, लेकिन पराधीनता नहीं।

उनकी इसी जिजीविषा ने इतिहास की दिशा बदल दी। भामाशाह का सहयोग, भील समुदाय का समर्थन और जनता का विश्वास उनके साथ खड़ा रहा। कुछ वर्षों बाद दिवेर के युद्ध में महाराणा प्रताप ने मुगल चौकियों को ध्वस्त कर मेवाड़ के बड़े हिस्से को पुनः स्वतंत्र करा लिया। यह साबित करता है कि हल्दीघाटी का संघर्ष एक दिन की लड़ाई नहीं, बल्कि स्वतंत्रता के लिए लंबा अभियान था।

महाराणा प्रताप की वास्तविक विजय उनके आदर्शों की विजय थी। उस दौर में जब कई राजाओं ने सत्ता और सुविधाओं के लिए समझौते किए, तब प्रताप ने स्वतंत्रता को सर्वोच्च मूल्य माना। उन्होंने दिखाया कि आत्मसम्मान किसी भी साम्राज्य की शक्ति से बड़ा होता है। यही कारण है कि आज भी उनका नाम सम्मान के साथ लिया जाता है, जबकि उस युद्ध के कई अन्य पात्र इतिहास की सामान्य घटनाओं में सिमटकर रह गए।

भारतीय जनमानस ने भी हमेशा महाराणा प्रताप को वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया है। राजस्थान के लोकगीतों से लेकर देशभर की कथाओं तक, प्रताप का नाम प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है। उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि वे केवल इतिहास के नायक नहीं, बल्कि जनभावनाओं के नायक भी हैं। आज जब देश उनकी जयंती और हल्दीघाटी युद्ध की 450वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब यह अवसर केवल अतीत को याद करने का नहीं है। यह नई पीढ़ी को यह बताने का भी अवसर है कि कठिन परिस्थितियों में भी सिद्धांतों पर अडिग रहना क्या होता है। महाराणा प्रताप का जीवन सिखाता है कि संसाधनों की कमी कभी भी संकल्प की ताकत को पराजित नहीं कर सकती।

वर्तमान समय में जब राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता और आत्मनिर्भरता जैसे विषय चर्चा के केंद्र में हैं, तब महाराणा प्रताप का जीवन और भी प्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने दिखाया कि नेतृत्व का अर्थ केवल शासन करना नहीं, बल्कि अपने लोगों के लिए संघर्ष करना और मूल्यों की रक्षा करना भी है।

हल्दीघाटी की पीली मिट्टी आज भी उन बलिदानों की गवाह है, जिन्होंने स्वतंत्रता और स्वाभिमान की लौ को जीवित रखा। यही कारण है कि महाराणा प्रताप को केवल मेवाड़ का शासक नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता का प्रहरी माना जाता है। चार सौ पचास वर्ष बाद भी हल्दीघाटी का संदेश उतना ही स्पष्ट है–सच्ची विजय तलवारों से नहीं, बल्कि अडिग संकल्प, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के प्रति समर्पण से प्राप्त होती है। यही कारण है कि इतिहास के पन्नों में महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि स्वाभिमान की अमर गाथा बनकर सदैव जीवित रहेंगे।

### लियोनेल मेसी ने रचा नया इतिहास

# अर्जेंटीना की धमाकेदार जीत इतिहास में दर्ज हुआ नया अध्याय

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** फुटबॉल के महान खिलाड़ी लियोनल मेसी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अर्जेंटीना के पहले मुकाबले में मेसी ने शानदार हैट्रिक लगाकर अपनी टीम को अल्जीरिया पर 3–0 की शानदार जीत दिलाई। मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में धमाकेदार आगाज किया, जबकि मेसी ने कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए।



कैनसस सिटी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेसी शुरू से ही शानदार लय में नजर आए। उन्होंने तीनों गोल दागकर न सिर्फ विरोधी टीम की उम्मीदों पर पानी फेरा, बल्कि अपने करियर की पहली वर्ल्ड कप हैट्रिक भी पूरी की। यह उपलब्धि उनके शानदार करियर में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ गई। इस मैच के साथ मेसी 6 अलग–अलग फीफा वर्ल्ड कप खेलने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बन गए। इसके अलावा उनकी वर्ल्ड कप गोलों की संख्या 16 पहुंच गई, जिससे उन्होंने जर्मनी के महान स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोजे के सर्वाधिक 16 वर्ल्ड कप गोलों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अब दोनों खिलाड़ी संयुक्त रूप से इस सूची में शीर्ष पर हैं। मेसी ने उम्र के मामले में भी नया इतिहास रचा। 38 साल 357 दिन की उम्र में वर्ल्ड कप में हैट्रिक लगाने वाले वह सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने

### 38 की उम्र में मेसी का महाविस्फोट

33 साल 130 दिन की उम्र में वर्ल्ड कप हैट्रिक लगाई थी।

यही नहीं, अर्जेंटीना के कप्तान ने ब्राजील के दिग्गज पेले का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया। वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल योगदान (गोल + असिस्ट) के मामले में मेसी अब 24 योगदान के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उनके नाम अब 16 गोल और 8 असिस्ट दर्ज हैं। वर्ल्ड कप 2026 के पहले ही मैच में मेसी ने दिखा दिया कि उनका जादू अब भी बरकरार है और अर्जेंटीना एक बार फिर खिताब की सबसे बड़ी दावेदार टीमों में शामिल है।

# 'महादेव एंड संस' के विवादित सीन ने मचाया हंगामा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का लोकप्रिय शो 'महादेव एंड सन्स' इन दिनों विवादों के केंद्र में आ गया है। शो के एक हालिया एपिसोड में दिखाए गए घरेलू हिंसा के दृश्य को लेकर सोशल मीडिया पर दर्शकों का गुस्सा फूट पड़ा है। कई लोगों ने आरोप लगाया है कि शो में हिंसा को रोमांटिक अंदाज में पेश किया गया, जो बेहद आपत्तिजनक है।

विवाद की शुरुआत उस सीन से हुई जिसमें धीरज और रज्जी के बीच तीखी झड़प दिखाई गई। दृश्य में धीरज, रज्जी को थप्पड़ मारता है, धक्का देता है और उसे शारीरिक रूप से डराने–धमकाने की कोशिश करता है। इतना ही नहीं, एक सीन में रज्जी का हाथ गर्म प्रेस से जल जाता है, जिसे लेकर दर्शकों ने कड़ी नाराजगी जताई है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर्स ने शो के निर्माताओं की

### महादेव एंड संस' को बंद करने की उठी मांग

आलोचना करते हुए इसे घरेलू हिंसा का महिमामंडन बताया। कई लोगों ने लिखा कि ऐसे दृश्य समाज में गलत संदेश देते हैं और इन्हें मनोरंजन के नाम पर नहीं दिखाया जाना चाहिए। कुछ यूजर्स ने तो शो को बंद करने की मांग तक कर डाली।

दर्शकों ने कहानी के अन्य किरदारों के रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पीड़ित किरदार की भावनाओं को नजरअंदाज कर कहानी को आगे बढ़ाना संवेदनशील मुद्दे के प्रति गैर–जिम्मेदाराना रवैया दर्शाता है।

फिलहाल, इस विवाद पर शो के निर्माताओं या चैनल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर बहस लगातार तेज होती जा रही है।

# टॉप पर पहुंचा भारत अब फाइनल में महामुकाबला



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय ए टीम ने ट्राई सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान ए को 101 रन से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ भारत अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है और उसके खाते में 4 अंक हो गए हैं। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ए ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 319 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 36.5 ओवर में 219 रन पर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच को एकतरफा बना दिया। इस बड़ी जीत से भारत का नेट रन रेट 0.797 हो गया है, जो श्रीलंका से बेहतर है। वहीं श्रीलंका भी 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद है।

अब फाइनल में भारत का सामना किस टीम से होगा, इसका फैसला श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच होने वाले अगले मुकाबले से होगा। अफगानिस्तान के पास अभी भी फाइनल में पहुंचने का मौका है, लेकिन इसके लिए उसे श्रीलंका को सिर्फ हराना ही नहीं, बल्कि बड़े अंतर से मात देकर नेट रन रेट में भी आगे निकलना होगा। फिलहाल भारत और श्रीलंका के बीच फाइनल की संभावना सबसे ज्यादा नजर आ रही है। 21 जून को खेले जाने वाले फाइनल में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर भी सभी की नजरें रहेंगी, जिन्होंने टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया है।

### बॉबी देओल से भिड़ंत के बीच कबीर की एंट्री ने बढ़ाया रोमांच

# आलिया भट्ट का एक्शन अवतार देख दंग रह जाएंगे फैंस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** यशराज फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित स्पाई–एक्शन फिल्म 'अल्फा' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। आलिया भट्ट, शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर स्टारर इस फिल्म ने ट्रेलर आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा बटोरनी शुरू कर दी है। करीब 2 मिनट 33 सेकंड के इस ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन, इमोशन और रहस्य का तड़का देखने को मिलता है।

फिल्म की कहानी सीता नाम की एक युवा असैसिन के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसका किरदार आलिया भट्ट निभा रही हैं। बचपन से ही उसे खतरनाक मिशनों के लिए तैयार किया जाता है। उसके मेंटर की भूमिका में नजर आ रहे बॉबी देओल एक निर्दयी और रहस्यमयी किरदार में दिखाई देते हैं। कहानी



में बड़ा मोड़ तब आता है जब सीता को उसी सिस्टम के खिलाफ लड़ना पड़ता है, जिसने उसे बनाया और प्रशिक्षित किया।

ट्रेलर में शरवरी वाघ का किरदार भी काफी दमदार नजर आता है।

हालांकि उनकी भूमिका को

### आलिया ने छेड़ी जंग बॉबी बने सबसे बड़े दुश्मन

अभी रहस्य में रखा गया है, लेकिन संकेत मिलते हैं कि वह बॉबी देओल को रोकने के मिशन में आलिया का साथ देंगी। वहीं अनिल कपूर की झलक भी ट्रेलर में उत्सुकता बढ़ाती है।

सबसे खास बात यह है कि फिल्म को यशराज स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'वॉर' से जोड़ा गया है। ट्रेलर के अंत में ऋतिक रोशन के लोकप्रिय किरदार कबीर की झलक दिखाई देती है, जिसने फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है। शिव रवैल के निर्देशन में बनी 'अल्फा' 3 जुलाई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' मेकर्स की पोस्ट से बढ़ी चर्चा

### वायरल पोस्ट ने बढ़ाई फैंस की उत्सुकता

### सीजन 2 की तैयारी या मजाक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कॉमेडियन समय रैना का चर्चित और विवादों में रहा शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा की वजह कोई नया एपिसोड नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स की एक रहस्यमयी सोशल मीडिया पोस्ट है, जिसने फैंस के बीच सीजन 2 को लेकर नई अटकलों को जन्म दे दिया है।



हाल ही में नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें समय रैना के बॉडीगार्ड को दिखाया गया। दिलचस्प बात यह रही कि पोस्ट में समय रैना को भी टैग किया गया था। पोस्ट का कैप्शन था– "कमेंट्स में नींबू और मसाले वाले इमोजी डालो, हमें इसकी जरूरत पड़ेगी।" इस मजेदार लेकिन रहस्यमयी कैप्शन ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी।

फैंस का मानना है कि यह पोस्ट किसी बड़े ऐलान की ओर इशारा कर रही है। कई यूजर्स ने इसे 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के दूसरे सीजन से जोड़ते हुए दावा किया कि शो जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो सकता है। हालांकि, अभी तक नेटफ्लिक्स या समय रैना की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

दिलचस्प बात यह भी है कि पोस्ट में दिखाई देने वाला बॉडीगार्ड वही व्यक्ति है, जो समय रैना के स्टैंड–अप शो 'स्टिल अलाइव' के दौरान मंच पर नजर आया था। इस कनेक्शन ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। याद दिला दें कि समय रैना अपने स्टैंड–अप शो में पहले ही 'इंडियाज गॉट लेटेंट' सीजन 2 का संकेत दे चुके हैं। पोस्ट वायरल होते ही सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कई फैंस ने कमेंट सेक्शन में नींबू और मिर्ची के इमोजी की भरमार कर दी, जबकि कुछ ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि "अब कंट्रोवर्सी से बचने के लिए पहले से तैयारी की जा रही है।"

गौरतलब है कि 'इंडियाज गॉट लेटेंट' पिछले साल अपने कंटेंट को लेकर बड़े विवाद में घिर गया था। शो के एक एपिसोड में रणवीर अल्लाहबादिया की विवादित टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर भारी विरोध हुआ था। मामला इतना बढ़ा कि एफआईआर दर्ज हुई और समय रैना को शो के सभी एपिसोड हटाने पड़े। बाद में उन्होंने सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी थी।

अब नेटफ्लिक्स की इस पोस्ट ने एक बार फिर चर्चा छेड़ दी है। क्या 'इंडियाज गॉट लेटेंट' नए अंदाज और नए प्लेटफॉर्म के साथ वापसी करेगा? इसका जवाब आने वाले दिनों में मिल सकता है, लेकिन फिलहाल फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर है।

# टेस्ट सीरीज से पहले वेस्टइंडीज का बड़ा फैसला

### अल्जारी–शमार जोसेफ की वापसी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। 25 जून से शुरू होने वाली इस सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने टीम में कई अहम बदलाव किए हैं, जिनमें सबसे बड़ी खबर तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और शमार जोसेफ की वापसी है।

चोट के कारण दोनों गेंदबाज पिछले कुछ टेस्ट मुकाबलों से बाहर थे। उन्होंने आखिरी बार 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट खेला था। अब उनकी वापसी से वेस्टइंडीज का तेज गेंदबाजी आक्रमण और मजबूत नजर आ रहा है। टीम में पहले से मौजूद केमर रोच और जेडन सील्स के साथ मिलकर यह जोड़ी श्रीलंकाई बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।

वहीं, विकेटकीपर–बल्लेबाज जोशुआ डा सिल्वा को भी शानदार घरेलू प्रदर्शन का इनाम मिला है। उन्होंने हालिया वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में सात पारियों में 413 रन बनाकर टूर्नामेंट के शीर्ष रन स्कोरर का दर्जा हासिल किया था। इसी दमदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। इसके अलावा युवा विकेटकीपर–बल्लेबाज अमीर जांगू को भी टीम में शामिल किया गया है। दूसरी ओर, टेविन इमलाच को इस बार मुख्य स्क्वाड में जगह नहीं मिली, हालांकि उन्हें श्रीलंका के खिलाफ वॉर्म–अप मैच के लिए वेस्टइंडीज सेलेक्ट का कप्तान बनाया गया है।

सीरीज से पहले टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी ने वेस्टइंडीज की उम्मीदों को नई मजबूती दी है। अब सभी की नजरें 25 जून से शुरू होने वाली रोमांचक टेस्ट सीरीज पर टिकी हैं।

### हाईवे पर ट्रैक्टर रेस से हुआ भीषण हादसा

# रफ्तार का कहर, छह महिलाओं की मौत, तीन लोग घायल

**यूनिक समय, बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में कछला और उझानी के बीच हाईवे पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें छह महिलाओं की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब दो ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार में आपस में रेस लगा रहे थे और इसी दौरान सामने से आ रहे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ट्रैक्टर एक ही लेन में तेज गति से एक-दूसरे को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान ई-रिक्शा सामने आ गया और पहले एक ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मारी, जिसके बाद दूसरे ट्रैक्टर ने भी उसे रौंद दिया। टक्कर इतनी



भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां छह महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया। तीन घायलों का इलाज जारी है।

मृतकों की पहचान कछला क्षेत्र की

### ई-रिक्शा को कुचलने से मची चीख-पुकार

रहने वाली महिलाओं के रूप में हुई है, जो एक शादी समारोह की रस्म के लिए जा रही थीं। हादसे ने पूरे गांव में मातम फैला दिया है, जहां शादी की खुशियां अचानक शोक में बदल गईं।

एक ट्रैक्टर चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया, जबकि दूसरा ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। पुलिस ने एक ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है और दोनों आरोपियों की तलाश जारी है। जिला प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और घायलों के इलाज की व्यवस्था की जा रही है।

# अयोध्या में शिक्षा विभाग घोटाले पर सीबीआई की छापेमारी



**यूनिक समय, अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग से जुड़े कथित करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच के तहत सीबीआई ने अयोध्या में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने देवकाली क्षेत्र में एक आवास पर सुबह छापा मारकर करीब तीन घंटे तक तलाशी अभियान चलाया और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में लिए। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई जनपद के वित्त एवं लेखा विभाग में हुए कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। उच्च न्यायालय के आदेश पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी, जिसके बाद अब कई जिलों में एक साथ छापेमारी की जा रही है।

### कई जिलों में एक साथ चला तलाशी अभियान

### महत्वपूर्ण दस्तावेज कब्जे में लिए गए

सीबीआई ने अयोध्या के अलावा अमेठी, लखनऊ, प्रतापगढ़ और कुशीनगर में भी तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई स्पेशल कोर्ट से जारी सर्च वारंट के आधार पर की गई।

अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान अभी तक किसी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन दस्तावेजों और रिकॉर्ड की गहन जांच जारी है।

# महिला थाने में लापरवाही पर एसएसपी का 'फिल्टर टेस्ट'

**यूनिक समय, मेरठ।** मेरठ में पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाला मामला सामने आया है। एसएसपी अविनाश पांडेय ने महिला थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की सतर्कता की जांच की, जिसमें गंभीर लापरवाही उजागर हुई। बताया गया कि एसएसपी ट्रैक सूट में थाने पहुंचे और कार्यालय से महत्वपूर्ण क्राइम रजिस्टर उठाकर ले गए, लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी को इसकी भनक तक नहीं लगी।

निरीक्षण के दौरान थाने में तैनात एक महिला सिपाही के ड्यूटी के समय सोने की बात भी सामने आई।

### हेड कांस्टेबल सहित 19 पुलिसकर्मियों का तबादला

अगले दिन जब रजिस्टर गायब मिला तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें एसएसपी को स्वयं रजिस्टर ले जाते देखा गया। इसके बाद पूरी लापरवाही उजागर हुई। मामले को गंभीर मानते हुए एसएसपी ने तत्काल कार्रवाई की और एक हेड कांस्टेबल सहित कुल 19 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया। एसएसपी ने कहा कि थानों में किसी भी समय पीड़ित पहुंच सकता है, इसलिए सतर्कता जरूरी है।

# 20 रुपए ज्यादा लेने पर 10 लाख जुर्माना

**यूनिक समय, आगरा।** अलीगढ़ में सिगरेट के पैकेट पर लिखे एमआरपी से 20 रुपए अधिक वसूलने के मामले में उपभोक्ता फोरम ने बड़ा फैसला सुनाया है। दुकानदार ने 340 रुपए एमआरपी वाली सिगरेट 360 रुपए में बेची थी, जिसके बाद ग्राहक ने डिजिटल पेमेंट का सबूत लेकर शिकायत दर्ज कराई।

मामले की सुनवाई जिला उपभोक्ता आयोग में हुई, जहां कोर्ट ने दुकानदार और सिगरेट बनाने वाली कंपनी दोनों को जिम्मेदार माना। कंपनी ने तर्क दिया कि दुकानदार उसका अधिकृत विक्रेता नहीं है, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और कहा कि ब्रांड अपने उत्पाद

### सिगरेट ओवरचार्जिंग पर कोर्ट का सख्त फैसला आया

### दुकानदार और कंपनी दोनों को जिम्मेदार ठहराया

की जिम्मेदारी से नहीं बच सकता।

कोर्ट ने इसे "छिपी हुई लूट" करार देते हुए दोनों पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही अतिरिक्त वसूली गई राशि 18% ब्याज सहित लौटाने और पीड़ित को मुआवजा देने का आदेश दिया। समय पर भुगतान न करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# अयोध्या दौरे पर रहेंगे सीएम योगी, जांच पर नजर



**यूनिक समय, अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर की दान पेटिका से जुड़ी कथित अनियमितताओं और जांच के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 जून को अयोध्या का दौरा करेंगे। इस दौरान वे कई धार्मिक और विकास से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री रुदौली में आयोजित कार्यक्रम के बाद अयोध्या पहुंचेंगे, जहां वह मणिराम दास छावनी में महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव में भाग लेंगे। इसके अलावा वे वैक्स म्यूजियम का उद्घाटन, नगर निगम के जोनल कार्यालय का शुभारंभ और अन्य विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं का

### राम मंदिर चढ़ावा मामले के बीच बड़ा दौरा

### अफसरों से ले सकते हैं स्थिति की जानकारी

लोकार्पण भी करेंगे।

इस समय राम मंदिर दान पेटिका से कथित गड़बड़ी को लेकर एसआईटी जांच जारी है, जिस पर राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर चर्चा तेज है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान इस मामले की प्रगति को लेकर अधिकारियों से जानकारी ले सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और जिलाधिकारी तथा एसएसपी ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया है।

# आगरा: दो कारों की भीषण टक्कर, तीन की मौत

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा-ग्वालियर हाईवे पर सैंया थाना क्षेत्र में कुणाल कॉलेज के पास बुधवार सुबह दो कारों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक अर्टिगा कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा पहुंचा और सामने से आ रही नेक्सन कार से जोरदार भिड़ंत हो

### हाईवे पर टायर फटने से हुआ हादसा बड़ा

### 11 लोग घायल, कई की हालत गंभीर

गई। पुलिस के अनुसार अर्टिगा कार में बीएससी के सात छात्र परीक्षा देने जा रहे थे, जबकि नेक्सन कार में दतिया (मध्य प्रदेश) का एक परिवार हरिद्वार से लौट रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि नेक्सन कार पलट गई और दोनों वाहनों में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकालकर एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा। मृतकों की पहचान रिंकू शर्मा, विवेक तिवारी और मीना श्रीवास्तव के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अखिलेश यादव का भाजपा पर तीखा हमला

**यूनिक समय, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में प्रेसवार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस सरकार के लिए धर्म का अर्थ केवल धन है और नीतियों से अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब हो रहा है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी गोरखपुर में भाजपा को शून्य पर लाने के लिए रणनीति बना रही है। उन्होंने कहा कि वहां पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा और चुनावी नतीजों को बदलने का प्रयास किया जाएगा।

# ताजमहल में साड़ी शूट विवाद की जांच शुरू

**यूनिक समय, आगरा।** आगरा के विश्व धरोहर ताजमहल परिसर में एक साड़ी ब्रांड के कथित प्रमोशनल शूट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। वीडियो में एक महिला को ताजमहल परिसर के भीतर मॉडलिंग करते हुए साड़ी ब्रांड का प्रचार करते दिखाया गया है, जिसके बाद सुरक्षा और नियमों के उल्लंघन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के नियमों के अनुसार, ताजमहल परिसर में किसी भी व्यावसायिक या प्रमोशनल शूट के लिए पहले से अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

### ताजमहल परिसर में वीडियो वायरल मामला

### एएसआई करेगी अनुमति की जांच पूरी

वायरल वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि शूट की अनुमति ली गई थी या नहीं।


सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इस घटना को ऐतिहासिक स्मारक की गरिमा के खिलाफ बताया है। वहीं अब एएसआई ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी तथ्यों की पुष्टि की जा रही है।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ अनोखा लुक

# जेन-जी का नया फैशन ट्रेंड बनी 'नाइटी स्टाइल'

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एक समय घर के आरामदायक पहनावे के रूप में पहनी जाने वाली नाइटी अब सोशल मीडिया पर नए फैशन ट्रेंड के रूप में सामने आ रही है। खास बात यह है कि इसे जनरेशन के लड़के भी अपनाते हुए इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर अपने वीडियो शेयर कर रहे हैं, जिससे यह स्टाइल तेजी से वायरल हो रहा है।

पहले जहां नाइटी को केवल घर के अंदर पहनने वाला कपड़ा माना जाता था, वहीं अब युवा इसे कूल और कम्फर्टेबल आउटडोर फैशन के रूप में





इस्तेमाल कर रहे हैं। ढीले और सूती कपड़ों की वजह से यह गर्मियों में भी काफी पसंद किया जा रहा है। फैशन विशेषज्ञों के अनुसार आज की युवा

### आरामदायक कपड़ों को मिला नया फैशन मोड़

पीढ़ी स्टाइल के साथ आराम को भी प्राथमिकता देती है। यही कारण है कि ओवरसाइज और लाउंजवियर फैशन के बीच नाइटी स्टाइल भी चर्चा में आ गया है। सोशल मीडिया पर इस ट्रेंड को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं, लेकिन यह साफ है कि फैशन लगातार बदल रहा है और पुराने कपड़े भी नए अंदाज में वापसी कर रहे हैं।

# नीट की तैयारी कर रही स्कूल टॉपर रिया ने की आत्महत्या






**यूनिक समय, नई दिल्ली।** देहरादून में 23 वर्षीय नीट की तैयारी कर रही छात्रा रिया कुमारी थापा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक का माहौल है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार, रिया अपने घर के कमरे में लंबे समय तक नहीं दिखी, जिसके बाद परिजनों ने दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटकी मिली। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने अपने माता-पिता के प्रति प्यार जताया है और अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार

### सुसाइड नोट में माता-पिता के लिए भावुक संदेश

### पढ़ाई के तनाव में बताई जा रही वजह

नहीं ठहराया है। नोट में पढ़ाई से जुड़े तनाव और असफलता की भावना का जिक्र बताया जा रहा है।

रिया पढ़ाई में शुरू से ही होनहार छात्रा रही थी और डॉक्टर बनने का सपना देख रही थी।

वह पहले भी नीट परीक्षा दे चुकी थी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। इसके बाद वह पुनः परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला शैक्षणिक तनाव से जुड़ा प्रतीत होता है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच जारी है।

## अस्थायी प्रतिबंध के फैसले के खिलाफ टेलीग्राम पहुंचा हाईकोर्ट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले केंद्र सरकार द्वारा लोकप्रिय संदेश मंच पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध के खिलाफ कंपनी ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है। कंपनी की ओर से तत्काल सुनवाई की मांग की गई, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की सिफारिश पर 24 घंटे का अस्थायी प्रतिबंध लगाया था। सरकार का कहना है कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक, भ्रामक सूचनाओं के प्रसार और नकल कराने वाले गिरोहों पर रोक लगाने के लिए यह कदम उठाया गया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का दावा है कि संदेश संपादन सुविधा का दुरुपयोग कर कथित

### नीट पुनर्परीक्षा से पहले विवाद

### तत्काल सुनवाई को मिली मंजूरी

प्रश्नपत्र लीक के सबूत तैयार किए जा रहे थे। इसी वजह से कंपनी को 30 जून तक यह सुविधा बंद करने का निर्देश भी दिया गया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पावेल डुरोव ने इस निर्णय की आलोचना करते हुए कहा कि इससे करोड़ों सामान्य उपयोगकर्ता प्रभावित होंगे, जबकि मूल समस्या का समाधान नहीं होगा। अब इस मामले की सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## पूर्व मंत्री उदयन गुहा गिरफ्तार, टीएमसी में हलचल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में बुधवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री उदयन गुहा को कूचबिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उन्हें कोलकाता के फूलबागान क्षेत्र स्थित उनके फ्लैट से हिरासत में लिया।

सूत्रों के अनुसार, उदयन गुहा के खिलाफ पहले से कई गैर-जमानती मामले दर्ज हैं और जांच एजेंसियां काफी समय से उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थीं। बुधवार सुबह कूचबिहार जिला पुलिस की विशेष टीम ने उनके आवास पर पहुंचकर पूछताछ की और बाद में गिरफ्तार कर लिया।

हालांकि पुलिस ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि गिरफ्तारी किस मामले में की गई है। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई दिनहाटा थाने में दर्ज एक पुराने मामले से जुड़ी हो सकती है।



### कूचबिहार पुलिस ने लिया एक्शन

### पुराने मामले में कार्रवाई की चर्चा

उदयन गुहा पर अतीत में भड़काऊ बयान, मारपीट और चुनावी हिंसा से जुड़े आरोप लग चुके हैं। उत्तर बंगाल की राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। उनकी गिरफ्तारी के बाद राज्य की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं और मामले पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## महाराष्ट्र में पेट्रोल पंप से बहा गया 300 लीटर पेट्रोल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के वाशिम जिले के केनवड गांव स्थित साईजी पेट्रोल पंप पर चोरी की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। देर रात एक अज्ञात युवक ने कर्मचारियों के सोते समय पेट्रोल पंप की मशीन खुद चालू कर पेट्रोल चोरी कर लिया।

सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि आरोपी आराम से पंप परिसर में घूम रहा था और उसने बिना किसी रोक-टोक के पेट्रोल भर लिया। इसके बाद वह नोजल को ठीक से बंद किए बिना ही मौके से फरार हो गया।

लापरवाही के कारण नोजल खुला रहने से लगभग 200 से 300 लीटर पेट्रोल जमीन पर बह गया, जिससे पंप संचालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। घटना का पता चलने के बाद पंप



### रात में कर्मचारी सो गए चोर ने किया खेल

### सीसीटीवी में चोरी की पूरी घटना कैद

प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

## उद्धव की पार्टी में बड़ी टूट छह सांसद हुए बागी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है, जहां उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 सांसदों के बागी होने की खबर ने हलचल मचा दी है। सूत्रों के अनुसार, इन सांसदों ने शिंदे गुट में विलय के लिए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र भेजा है।

इस घटना क्रम के बाद पार्टी में तनाव बढ़ गया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागी सांसदों पर कड़ी टिप्पणी की, जिससे राजनीतिक विवाद और गहरा गया।

### शिवसेना यूबीटी में सियासी संकट गहरा गया

### राउत की प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीखी बयानबाजी

ठाकरे अपनी पार्टी के सांसदों से लगातार संपर्क साधने और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी ने दिल्ली में बैठक भी बुलाई है और सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। जो सांसद नहीं पहुंचेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## कनाडा में बिश्नोई गैंग नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कनाडा में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए इमिग्रेशन एंड रिफ्यूजी बोर्ड ने भारतीय नागरिक अबजीत किंगरा को देश से निष्कासित करने का आदेश दिया है।

आरोपी पर कनाडा में रहते हुए संगठित अपराध में शामिल होने और गंभीर फायरिंग की घटना में भूमिका निभाने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, किंगरा 2018 में स्टडी परमिट पर कनाडा गया था और बाद में उसका संपर्क कथित तौर पर बिश्नोई गैंग से जुड़ गया। उस पर सितंबर 2024 में ब्रिटिश कोलंबिया

### अबजीत किंगरा को देश से किया निष्कासित

### भारतीय नागरिक पर संगठित अपराध का आरोप

के कोलवुड क्षेत्र में एक घर पर फायरिंग करने और वाहनों को आग लगाने का आरोप है, जो पंजाबी गायक एपी ढिल्लों से जुड़ा बताया जाता है। कनाडाई एजेंसियों ने इसे संगठित अपराध नेटवर्क का हिस्सा बताया है और देशभर में चल रही गैंग गतिविधियों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। आरोपी ने अपील की तैयारी शुरू कर दी है।

## बेंगलुरु में तीन हत्याओं से फैली सनसनी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हाल ही में तीन अलग-अलग हत्या के मामलों ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी है। इन घटनाओं के पीछे प्रेम संबंध, लिव-इन विवाद और वैवाहिक कलह जैसे कारण सामने आ रहे हैं, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है। पहला मामला मल्लेश्वरम क्षेत्र का है, जहां 27 वर्षीय युवक पर अपनी 20 वर्षीय लिव-इन पार्टनर की हत्या का आरोप है। दोनों सोशल मीडिया के जरिए मिले थे और पिछले कुछ महीनों से साथ रह रहे थे। विवाद बढ़ने पर हत्या की घटना हुई, जिसकी जानकारी आरोपी के वकील के माध्यम से पुलिस तक पहुंची।

## इटली पीएम मेलोनी के एक्सप्रेशन ने इंटरनेट पर मचाई हलचल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में औपचारिक अभिवादन के दौरान मेलोनी के चेहरे के भाव को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वीडियो में दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान मेलोनी के एक्सप्रेशन को लेकर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि वह थोड़ी असहज नजर आ रही थीं। हालांकि, कई लोगों का कहना है कि यह केवल एक सामान्य कूटनीतिक मुलाकात थी और इसे अनावश्यक रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। जी-7 शिखर सम्मेलन में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन



### जेलेंस्की मुलाकात का वीडियो हुआ वायरल

और अमेरिका जैसे देशों के नेता शामिल हुए थे, जहां वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा हुई।

वीडियो सामने आने के बाद इंटरनेट पर राय बंटी हुई है। कुछ लोग इसे सामान्य शिष्टाचार मान रहे थे, जबकि कुछ इसे राजनीतिक नजरिए से जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल इस वायरल वीडियो पर किसी भी नेता की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## इजरायल ने भारत को हमास खतरे पर किया सतर्क

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इजरायल ने भारत को आतंकी संगठन हमास से जुड़े संभावित खतरे को लेकर सतर्क किया है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने दावा किया कि हमास से जुड़े कुछ तत्व पाकिस्तान और बांग्लादेश में सक्रिय हैं और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इजरायल ने यह भी बताया कि इस विषय में भारत के साथ लगातार सुरक्षा सहयोग और जानकारी साझा की जा रही है। हालांकि, पाकिस्तान और बांग्लादेश की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### राजस्थान में 77 वर्षीय बुजुर्ग बने मानवता की मिसाल

## 21 वर्षों से राहगीरों को पिला रहे ठंडा पानी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान के बाड़मेर जिले से एक प्रेरणादायक कहानी सामने आई है, जहां 77 वर्षीय थाना राम कडवासरा पिछले 21 वर्षों से बिना किसी स्वार्थ के राहगीरों की प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। उनका यह सेवा कार्य सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग उन्हें मानवता का सच्चा उदाहरण बता रहे हैं।

बाड़मेर-बटाडू मार्ग पर रहने वाले

### बाड़मेर की तपती गर्मी में सेवा जारी

थाना राम रोजाना सुबह से ही यात्रियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करते हैं। चाहे बस यात्री हों, टैक्सी चालक हों या स्थानीय लोग, सभी के लिए उनके पास साफ और ठंडा पानी उपलब्ध रहता है। भीषण गर्मी में, जहां तापमान 45 से 47 डिग्री तक पहुंच जाता है, उनका यह प्रयास लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होता है।

पिछले दो दशकों से अधिक समय से वह लगातार यह सेवा कर रहे हैं और आज तक किसी भी प्रकार की अपेक्षा नहीं रखी। न कोई प्रचार, न कोई पहचान की चाह, केवल निस्वार्थ सेवा ही उनका उद्देश्य है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद लोग उनकी जमकर सराहना कर रहे हैं और उन्हें सच्चा "फरिश्ता" बता रहे हैं।

### कोसी में कादिर की हत्या पर हुआ था वबाल

# हत्या और मारपीट मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना कोसीकलां के निकासा मौहल्ले में शादी वाले घर में घुसकर की गई मारपीट और पथराव के दौरान हुए वबाल में वृद्ध कदीर की हुई मौत के मामले में दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के खिलाफ कोसीकलां थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इलाके में पुलिस की तैनाती के कारण तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश

## पुलिस की मौजूदगी के बाद भी इलाके में तनाव के हालत

दे रही है। कोसीकलां थाना क्षेत्र में निकासा नब्बे घर मौहल्ले में रहने वाले राशिद के घर में लड़के की शादी समारोह चल रहा था। उसके चचेरे भाई सईम की बारात की तैयारी हो रही थी। इसी दौरान नईम पक्ष के लोगों ने वहां आकर राशिद से पैसे के लेनदेन को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया। इसके बाद जमकर लाठी डंडे और ईट पत्थर और कांच की बोतलें चलाई गई। हमलावरों ने घर में घुसकर मारपीट भी की। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। मारपीट में गंभीर घायल हुए रशीद के चाचा कादिर की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में राशिद ने मारपीट कर हत्या करने वाले अभियुक्त नईम, रहीस, शकील, यूनिस, सुफियान, आदिल, शरीफ, रिहान व इमरान निवासी करीमुल्लावांस कोसीकलां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस की मौजूदगी के बाद भी इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हलांकि पुलिस के अधिकारी इस पूरे प्रकरण पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस नामजदों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।




## कलश यात्रा के साथ 35वीं भागवत कथा का भव्य शुभारंभ


कथा शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**यूनिक समय, नौहझील।** बुधवार को कस्बा के शेरगढ़ रोड स्थित प्राचीन झाड़ी वाले हनुमान मंदिर पर 35वीं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन की शुरुआत अग्रवाल मंदिर से निकली भव्य- दिव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसने पूरे कस्बे को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में 1101 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण किए।

इस दौरान सुदामा कुटी, वृंदावन के महंत देवाचार्य और झाड़ी वाले हनुमान मंदिर के महंत राम रतन दास की उपस्थिति ने माहौल को और भी पावन बना दिया। नगर भ्रमण के दौरान जगह–जगह पुष्प वर्षा कर संतों का स्वागत किया गया। कस्बा वासियों ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान, जूस और कोल्ड ड्रिंक की सेवा के लिए विशेष प्रबंध किए थे।

आयोजकों ने बताया कि भागवत आचार्य कृष्ण चंद्र शास्त्री के श्रीमुख से श्रद्धालु कथा का रसपान करेंगे। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रियाजू आदर्श रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की मनोहारी लीलाओं का मंचन किया जाएगा। मंदिर परिसर में लगने वाला मेला, विशाल झूले और ट्रेन आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें प्रमुख रूप से प्रधान प्रशांत, मनीष जिंदल, विनोद शर्मा, प्रधान संजय, रामबाबू शर्मा, ब्लॉक प्रमुख सुमन चौधरी, करतार चौधरी, उमाकांत कटारा, मुकेश अग्रवाल, प्रवीण कटारा, मयंक अग्रवाल, अशोक भारद्वाज, एनडी पाठक, संतोष भारद्वाज और कन्हैया गुप्ता उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी जगदंबा सिंह पुलिस फोर्स के साथ लगातार मुस्तैद दिखे।

## सरकारों को जनता की भावनाओं का सम्मान करना पड़ता है : जयंत


पौधारोपण करते रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष– केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी, साथ में विधान परिषद के सदस्य योगेश नौहवार आदि।

**यूनिक समय, सुरीर।** मांट विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला गढ़ बम्बा में बुधवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष- केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी शक्ति है और सरकारों को जनता की भावनाओं- सुझावों का सम्मान करना पड़ता है। जयंत चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मछली पालन परियोजना के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे मथुरा सहित आसपास के क्षेत्रों के किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं।

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह में केंद्रीय मंत्री न रौपा पौधा

विधान परिषद सदस्य योगेश नौहवार ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसी क्षेत्र की विभिन्न बिरादरियां राष्ट्रीय लोकदल के साथ चलने का संकल्प ले चुकी हैं। इस अवसर पर बिजनौर सांसद चंदन चौहान, प्रदीप चौधरी, रालोद महासचिव यशपाल बघेल, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष ब्रजेश चाहर, रघुवीर धनगर, रजत वर्धन, ठाकुर नरेंद्र सिंह, प्रदीप राउत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता रघुवीर धनगर ने और संचालन डॉ. अर्चना पाल ने किया।

## पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**यूनिक समय,चौमुहां।** थाना जैत क्षेत्र के गांव बाटी की एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।बाटी की रहने वाली नीरजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह घर पर घरेलू कार्य कर रही थी। इसी दौरान उसके पति लेखराज ने उसे घर छोड़कर चले जाने के लिए कहा और बच्चों को अपने साथ रखने की बात कही। विरोध करने पर पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उसके

### पति सहित चार के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट में महिला के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंची उसकी बहन के साथ भी इन लोगों ने अभद्रता और मारपीट की गई। इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति लेखराज सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भूसे से लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली पलटी कार–बाइक सवार घायल

**यूनिक समय, राया।** थाना क्षेत्र के गांव मल्हे के समीप देर रात्रि भूसे से लदी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के दौरान ट्रॉली की चपेट में आने से एक कार और एक बाइक सवार घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर–ट्रॉली में भारी मात्रा में भूसा भरा हुआ था। अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रॉली सड़क पर पलट गयी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि एक बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

## बाहर से आए दो सीओ को मिला चार्ज सीओ मांट को बनाया सीओ ट्रैफिक

**यूनिक समय, मथुरा।** एसएसपी ने बाहर से तबादले पर आए दो सीओ सहित तीन सर्किल ऑफीसरों को नया दायित्व सौंपा है। सीओ मांट को सीओ ट्रैफिक बनाया गया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने दूसरे जनपदों से आए प्रवीण कुमार तिवारी को सर्किल ऑफीसर रिफाइनरी और अमर नाथ यादव को सीओ मांट का चार्ज दिया है। इसके साथ ही सीओ मांट संदीप कुमार को सीओ ट्रैफिक के पद पर स्थानांतरित किया है।

## राया में घर से गायब युवा व्यापारी का शव यमुना में मिला

**यूनिक समय,राया।** मंगलवार की सायं घर से विना बताए गायब युवा व्यापारी का बुधवार की सुबह यमुना नदी में शव मिलने से घर मे कोहराम मच गया। घटना को लेकर कस्वे में शोक की लहर है। कस्बा निवासी मनोज उर्फ मोनू अग्रवाल पुत्र श्याम सुंदर अग्रवाल की सिंडिकेट बैंक गली में मोबाइल की दुकान है। मंगलवार की सायं मोनू किसी को बिना बताए घर से कहीं अचानक गायब हो गया। मोबाइल भी घर छोड़ गये। परिजनों ने रात भर छानबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह परिजनों को मनोज का शव यमुना नदी में मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही घर मे कोहराम मच गया।

## हिंदी पत्रकारिता पर मंथन 19 जून को होगी संगोष्ठी

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब के तत्वावधान में 19 जून को सुबह 10 बजे



होटल बृजवासी रॉयल के सभागार में हिंदी पत्रकारिता विषय पर विशाल पत्रकार संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। क्लब अध्यक्ष एवं एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पांडेय, एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी शर्मा और राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी समेत कई वरिष्ठ पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। संगोष्ठी में ब्रज क्षेत्र के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों तथा समाज चिंतकों को आमंत्रित किया गया है।

### भारत सरकार के सचिव ने किया दुवासु का दौरा

# पशु चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत बनाने पर दिया जोर

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार को उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय- गो–अनुसंधान संस्थान (दुवासु) में भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सचिव नरेश पाल गंगवार दौरे पर आए। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की शिक्षा, अनुसंधान, पशु चिकित्सा सेवाओं और पशुधन विकास से जुड़ी गतिविधियों का निरीक्षण किया।

केंद्रीय सचिव ने टीचिंग वेटरिनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स, लाइवस्टॉक फार्म, विभिन्न प्रयोगशालाओं और बकरी इकाई का भ्रमण किया। बकरी इकाई में उन्होंने देश की प्रमुख बकरी वीर्य संरक्षण (सीमन फ्रीजिंग) सुविधा


गाय को गुड़ खिलाते केंद्रीय पशुपालन– डेयरी विभाग के सचिव नरेश पाल गंगवार साथ में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.अभिजित मित्र।

का अवलोकन किया और विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकें बकरी पालन को बढ़ावा देने और ग्रामीणों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। दौरे के दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया। इसके अलावा उन्होंने शिक्षकों, वैज्ञानिकों, छात्रों और शोधार्थियों के साथ संवाद कर पशु स्वास्थ्य, डेयरी विकास, नवाचार और रोजगार के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने आधुनिक पशु चिकित्सालयों, उन्नत प्रयोगशालाओं और तकनीक आधारित पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता बताई। कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए पशुधन, डेयरी, मत्स्य और बकरी पालन के विकास के लिए दुवासु की प्रतिबद्धता दोहराई।